Similarly, the account of government officers like Kulkarni working in revenue administration was supervised by another official like Deshpande.[25] Finally, the districts accounts were submitted to the Pant Amatya and Pant Sachiv who supervised those accounts and were the final authority in all financial matters like income and expenditure of the state.[26]

Thus, the picture that emerges from the account of evil practices given above is that every care was taken by Shivaji to avoid cases of oppression and cases of corrupt practices which occur even under the best of governments and which no government can entirely eliminate. The selfishness of human beings and deterioration in their morals no doubt were the natural causes which induced men in society to corruption. But it can hardly be denied that the multiplicity of duties of government servants[27] and their low salaries to meet the needs of their families etc., were other influencial factors that would have encouraged them to perform the evil practices. The society in Maharashtra of the 17th century appears to have suffered from almost the same evil practices which we experience in present day society. But the difference in degree cannot he ignored. Corruption was scare in those days. It was certainly negligible as compared with the present day corruption. Corruption on large scale in state and society during the 17th century was certainly not possible perhaps partly due to the dominance of Hindu relegion or ethics in determining public and private conduct in society, but, chiefly, due to the vigilant

control of the King Shivaji over the administrate machinery of a small political unit of the Maratha Kingdom.

Dr. T. T. Mahajan,
Dept. of History,
S. P. D. M. College,
Shirpur, Dist. Dhule.

* This paper was presented at the seminar on Life, and Career of Shri. Chhatrapati Shivaji Maharaj held at *Shivaji University, Kolhapur* from 5th to 7th of March 1984.

References :

1. Corruption In Ancient India, by Upendra Thakur, p.6.
2. Administrative System of the Marathas, by Sen, p.62.
3. Shiv Charitra Sahitya, Khand 7, lekh 44, pp. 64–72.
4. Arvachin Maharashtratil Rajya Karabharacha Abhyas, Part- I, by S. N. Joshi, p. 208.
5. Shivkalin Patra Sar Sangraha, Part–3, lekh No. 2778. hereafter referred to as *SPSS*.
6. English Records on Shivaji, I, 7 and 8, p. 11 hereafter referred to as *ERS*.
7. A New Account of East India and Persia, quoted from Administrative System of the Marathas, by Sen, pp. 59–60.
8. ERS, I, 484, p. 368.
9. Sabhsad Bakhar, p. 27.
10. Marathyanchya Itihasachi Sadhane, by V.K. Rajwade, VIII, lekh No. 31, p. 27.
11. Purandar Dafter, III, lekh 152., also see Shivkalin Patra Sar Sangraha, III, letter No. 2610.
12, Shivkalin Patra Sar Sangraha, III, letter No. 2525.
13. Shivkalin Patra Sar Sangraha, III, letter No. 2532.

14. SPSS, III, lekh No. 2544.
15. SPSS, I, lekh No. 1247.
16. SPSS, III, letter No. 2532.
17. SPSS, III, letter No. 2544.
18. Shiv Charitra Sahitya, 3, lekh 475.
19. Portuguese–Marathe Sambandh, by Pisurlekar, p.44.
20. Shiv Shahi Protuguese Kagad Patre, ed. by Desai, lekh No. 82.
21. Administrative System of the Marathas, by Sen, p. 60.
22. Shiv Shahi-Portuguese Kagad Patre, ed. by Desai, lekh No. 82.
23. Bharat Itihas Sanshodhak Mandal quarterly, Part-60, No. 1–4 (1981), *Some aspects of Shivaji's Polity.* by V. T. Gune, p. 40.
24. Administrative System of the Marathas, p. 80
25. Maharashtra In the Age of Shivaji, by A. R. Kulkarni, p. 43.
26. Rise of Maratha Power, by M. G. Ranade, p. 55.
27. Administrative System of the Marathas, by Sen, p. 59.

नवरस के गीत

डॉ. पंढरीनाथ रानडे

इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय लिखित ' नवरस रागमाला ' दक्खनी हिन्दी गीतों क एक अनोखा संकलन है। इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय इ. स. १५८० से १६२७ तक बिजापुर का बादशाह था, बिजापुर की सल्तनत एक जमाने में दक्खन की भारी सल्तनत मानी जाती थी। अन्य मध्ययुगीन सल्तनतों के बेडों की तरह बिजापुर के आदिलशाही सल्तनत का बेडा भी इतिहास के भँवर में डूब गया। पहले तो मराठों ने इस सल्तनत की दाढी-मूंछें मरोडी, और बाद में मुगलों ने इस सल्तनत की पगडी उतार दी। मध्ययुगीन सामंती इतिहास का चक्र चलता रहा, न बिजापुर की आदिलशाही रही, न मराठों का साहस टिक पाया और न मुगल शहनशाहों की धाक इस देश में जमी रही। मध्ययुगीन सामन्त चक्र के आवर्त आते रहे और ढलते रहे। सल्तनतें बनती रहीं और बिगडती रहीं। आदिलशाही सल्तनत भी कालभैरव के ओटे चढ गई। भारत के मध्ययुगीन इतिहास ने आदिलशाही जमाने की जो कुछ स्मृतियाँ बचाए रखी हैं वे दो वस्तुओं की बांकेपन की वजह से एक है बिजापुर का ' गोल गुंबद ' और दूसरी चीज है ' नवरस रागमाला ' के गीत। बिजापुर के असंख्य खंडहरों के बीच खडा 'गोल गुंबद' आज भी अपनी मीनारें और गुंबद की प्रतिष्ठा सम्हाले हुए खडा है। मध्ययुगीन साहित्य और संगीत के इतिहास में इब्राहिम कृत नवरस के गीत भी बिजापुर के गोल गुंबद की तरह दिलचस्प मुकाम रखते हैं।

सुरों की डोरी से बंधे हुए मानवी भाव ही संगीत कहलाते हैं, सुरीली धुन का विदग्ध रूप राग होता है। ध्वनि, नाद और सुर जब मानवी भावानुभूतियों में भीग कर लयबद्ध होकर तान या बोल के रूप में उभरते हैं तो संगीत बन जाते हैं। प्रकृति में अगणित ध्वनियाँ होती हैं। मयूरों के आर्तस्वर, मवेशियों का हंबर हुबर, पक्षियों का कलरव, हाथियों के चीत्कार, शेर भेडियोंका गुर्राव, जलप्रपातों का धमार ये सब प्रकृति के सुर होते हैं, लेकिन वे संगीत नहीं कहलाते। मानव के कंठ से उमडनेवाले सुर जब मानव के भावविश्व को स्पर्श करते हैं तो वे संगीत के धनी हो जाते हैं। स्वरों का एक अनोखा विश्व है। स्वरों का अपना शिल्प होता है। सुरों की गोलाई होती है, गहराई और

घनता भी होती है। कुछ स्वर अल्हड तो कुछ बुजुर्ग, कुछ बावले तो कुछ चतुर, कुछ भोले तो कुछ अख्खड होते हैं। मनुष्य ने जित के गुण उतने ही सुरों के गुण होते हैं।

सुरों का चढाव और उतार, आरोह-अवरोह जब सात सुरों की बंदिश में प्रगट होता है तो राग-रागिनियाँ कहलाते हैं। राग सुरों का बंधा हुआ एक ऐसा ठोस और लचकीला चबुतरा है जहाँ से विविध प्रकार की सुरों की संभावनाएँ और दिशाएँ उभरती हैं। उसकी पेठ से सुरों की बारात निकल पडती है। इस बारात के यात्री तरह-तरह के नखरे किए और गहने ओढे हुए अपने मजबूत या कमजोर पैरों पर रास्ता चलते हैं। इन्हीं सुरों के यात्रियों को राग-रार्गिनियाँ कहते हैं। राग-रागिनियों के नाम विभिन्न सूत्रों से चिपके हुए हैं। कुछ रागों के नाम प्रदेशों से जुडे हुए हैं तो कुछ प्रकृति ऋतुओं और घटनाओं के साथ जुडे हुए हैं। मध्ययुगीन भारतीय सुरों की और राग-रागिनियों की बारात इब्राहिम आदिलशाह द्वारा रचित 'नवरस रागमाला' में ठाठबाट के साथ निकल पडी थी।

इब्राहिमकृत 'नवरस रागमाला' सोलहवीं शती की रचना है, नवरस की पंक्तियों में कुछ ऐसे बोल सुनाई देते हैं जो सोलहवीं सदी के भारतीय संगीत और गीत काव्य की आंतरिक गहराई से उभरे जान पडते हैं। नवरस रागमाला इब्राहिम की रची हुई ५७ गीतों और १७ दोहरों की रचना है। १६ राग-रागिनियों में बंधे हुए ५७ गीत और १७ दोहरों से सजी हुई नवरस रागमाला की देवनागरी छाया हैदराबाद के सालारजंग म्युजियम में विद्यमान है, जिसे यहाँ पहली बार प्रस्तुत किया जा रहा है।

नवरस में जिन राग-रागिनियों कि मालाओं में इब्राहिम ने गीत पिरोए वे सभी समकालीन भावगंध से भीगे हुए हैं। राग-रागिनियों के लिए इब्राहिम ने "मकाम" इस फारसी शब्द का उपयोग किया है। राग, मकाम, संस्थान, मेल तथा थाट इन शब्दों का समकालीन साहित्य में समान अर्थ में उपयोग हुआ है। भूपाली, भैरव, हजीज, मारू, आसावरी, देसी, पूरबी, तोडी, मलार गौरी, कल्याण, धनाश्री, कानडा, केदार तथा नौरोज इन रागों में नवरस के गीत रचे गए हैं।

आधुनिक संगीत में अस्ताई, अंतरा, संचारी और आभोग ये चार चरण माने जाते हैं। प्राचीन संगीत प्रबंधों में उदग्राह, ध्रुव, मैलाफक, आभोग और अंतरा ये चरण पाए जाते हैं। नवरस के गीत प्रबंध नैन, अंतरा, अभोग और दोहरा इन चरणों में बँटे हैं।

इब्राहिम आदिलशाह की नवरस रागमाला गीतों का फूलबन है। इब्राहिम ने अपनी नौजवानी में शाही महल में जो रंगीन मैफिलें जमाई थीं उन मैफिलों का यह फूलबन है। भारतीय संगीत की देवी सरस्वती इस मैफिल की अधिष्ठात्री देवी है। सरस्वती के दरबार में इब्राहिम ने समय-समय पर पेश किए गीत ही नवरस के गीत हैं। शृंगार, भक्ति, करुणा, अद्‌भुत, वत्सलता आदि भावों में भीगे गीत कहीं शराब के प्यालों के साथ झूमते हैं तो कहीं सावन के बादलों के साथ बरसते हैं, कहीं फूलों की

डालियों के साथ महकते हैं, तो कहीं चांदतारों के साथ चमकते हैं।

नवरस के गीतों को सालारजंग म्युजियमस्थित देवनागरी संहिता के मुखपृष्ठ पर "नवरस रागमाला" कहा गया है, यह बात बहुत ही औचित्यपूर्ण प्रतीत होती है। नवरस के गीतों का रागमालाओं के साथ वही संबंध है जो गीतों का चित्रमालाओं के साथ होता है। शब्दों की भावभीगी बंदिश गीत कहलाती है और रंगों का भावरेखांकन चित्र कहलाता है। भारत के मध्ययुगीन कलाक्षेत्र में चित्र और गीतों का संयुक्त आविष्कार रागमाला चित्रशैली में हुआ था। सोलहवीं-सत्रहवीं सदियों में राजस्थान, मालवा, गुजराथ और दक्खन के विभिन्न प्रदेशों में रागमाला चित्रशैली में रंगविभोर हुई। भारतीय राग-रागिनियों को सर्व प्रथम इब्राहिम आदिलशाह के दरबारी कलाकारों द्वारा चितारा गया ऐसा भी एक अनुमान है। विजयनगर राज्य के पतन के बाद विजयनगर से सैंकडों हिंदू कलाकार विजापूर के मुसलमानी दरबार में आश्रयार्थ आए थे, शायद इन चित्रकारों ने विविध रंगों में राग-रागिनियों को चितारा होगा, इब्राहिम आदिलशाह के दरबारी कलाकारों ने जो रागमालाओं के चित्र चितारे थे उनमें से आज केवल चार या पाँच चित्र उपलब्ध हैं, शेष चित्र अज्ञात हैं। लेकिन इस रागमाला चित्रशैली के कुछ अनोखे रंग नवरस के गीतों में विद्यमान हैं।

रागमाला की उत्पत्ति की कहानी भारत के प्राचीन पुरातन इतिहास के धुंधलके में अवगुंठित है। हम इतना जरूर कह सकते हैं कि छठीं-सातवीं सदी के मातंगाचार्य ने बृहद्देशी में सर्व प्रथम रंग के अर्थ में राग शब्दका उपयोग किया था।

सातवीं-आठवीं सदी के आचार्य नारद के 'संगीत मकरंद 'ने छह राग और हर एक राग की छह रागिनियों का वर्गीकरण किया था। सोलहवीं सदी के क्षेमकर्ण ने अपनी "रागमाला पुस्तक" में इसी वर्गीकरण के आधार पर अपने विवेचन का विस्तार किया। राग-मालाओं की कथावस्तु समकालीन काव्यभांडार से ही उभर आई। कृष्णलीला और संस्कृत-प्राकृत का शृंगार काव्यरागमालाओं के लिए कथावस्तु से भरा कोषागार था। मालव देश के अमरू का " अमरूशतक " (सातवीं सदी), बिल्हणका चोरपंचाशिक (ग्यारहवीं सदी) ये शृंगारकाव्य की प्रसिद्ध कृतियाँ थीं। वज्रयान बौद्ध संप्रदाय के चौरासी सिद्ध और उनके अग्रणी सरहपा को सर्व प्रथम रागरचनाओं का श्रेय दिया जाता है। ग्यारहवीं-बारहवीं सदी के कवि जयदेव और उनकी रचना 'गीत गोविंद' भारतीय संगीत के इतिहास में एक संस्मरणीय पर्व है। जयदेव के गीत गोविंद का प्रत्येक गीत किसी रागविशेष में गुंथा गया है। राधाकृष्ण की रसभरी लीलाओं को जयदेव ने गुजरी, वसंत, गुनकरी, गौड–मालव आदि रागों की लय में चितारा है। मुस्लिम शासन-काल में भारतीय संगीत, चित्रकला और काव्य में नए रूझान झूल उठे। कुछ अनोखे रंग बोल उठे। इब्राहिम कृत 'नवरस रागमाला' इस नए बहार का एक उमद' फूल है।

खैबर की घाटियाँ लाँघ कर सदियों से कबीलों के काफिले भारत में आते रहे हैं। ११ वीं सदी के बाद मध्य और पश्चिम एशिया के कई मुल्कों से नए काफिले हिंदुस्थान पहुँचते रहे। इन काफिलों के साथ ईरान और अरब का संगीत भी भारत में आया। ईरानी और अरबी धुनों का और तानों का असर भारतीय संगीत पर होना स्वाभाविक ही था वह उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीय दोनों संगीत प्रणालियों के इन प्रभावों से अछूता नहीं रहा। इंद्रप्रस्थ नाम की नई संगीत प्रणाली का जन्म हुआ। प्राचीन मूर्छना की प्रणाली की जगह अब बारह स्वरों के सप्तकों ने ली। शार्ङ्गदेव कृत 'संगीत रत्नाकर' मूर्छना पद्धतिका अंतिम ग्रंथ साबित हुआ। विजयनगर के निर्माता विद्यारण्य ने जब संगीत पर नया ग्रंथ लिखा तो उन्होंने मेलों के सूचित ' हजुजी ' इस अरबी मुकाम का भी भारतीय संगीत प्रणाली में समावेश किया। तुर्क-अफगान शासन युग में सूफी पंथ के वली और बुजुर्गों ने भारत के सांस्कृतिक जीवन में कुछ नए प्रवाह प्रवर्तित किए। सूफी बुजुर्गों की ताकीदों में, खानकाओं में और दर्गों में शेरोशायरी में भारतीय गीतों की लडियाँ भी गूंथी गईं। अमीर खुसरो ने सितार के साथ नए गीत भी रचे जो हिन्दी भाषा के विकास में एक विशेष महत्त्व रखते हैं। शहरों में रहनेवाले मुसलमानों ने ब्रज, अवधी और अन्य देशी भाषाओं के रसीले शब्दों को फारसी शहरीयत देकर एक नई भाषा बनाई जिसे हम हिन्दी कहते हैं। हिन्दी भाषा तो मुसलमानों की ही भारत को देन है। भारत में मुसलमानों के आगमन के बाद ही हिन्दी भाषा का जन्म हुआ।

भारत में बसनेवाले मुस्लिम शासकों ने धीरे-धीरे भारत के सामंती रजवाडों के रीतिरिवाज तौरतरीके अपनाए। अल्लाउद्दीन खिलजी की दिल्ली में लाई हुई देवगिरी की लूटमार के साथ-साथ देवगिरी का संगीत गोपालनायक के रूपमें खिलजी के दरबार में हाजिर हुआ। किसी जमाने में गोपालनायक देवगिरी के राजा रामदेवराय की प्रशंसा में धृपद रचा करता था, अब वह अल्लाउद्दीन खिलजी की प्रशंसा में धृपद रचने लगा। तुर्की-ईरानी और अरबी संगीत के साथ दिल्ली के दरबार में हिन्दुस्तानी संगीत भी हाजिर हुआ। हिन्दुस्तानी संगीत के विकास में हिंदू कलाकारों के साथ मुस्लिम कलाकारों ने भी महत्त्वपूर्ण हाथ बँटाया था। अमीर खुसरो ने ब्रजभाषा पर खडीबोली का कलम लगाने के साथ पुराने भारतीय तंतवाद्य पर सारंगी-सितार का जामा पहनाया। अकबरी दरबार की संगीत साधना तो सर्वपरिचित ही है। खानदेश के सुलतान बुरहानखाँ फारुकी के दरबार में पुंडरीक ने ' षड्राग चंद्रोदय ' की रचना की थी। औरंगजेब का एक मनसबदार मिर्जा रोशन जमीर ने अहोबल के संगीत पारिजातक का फारसी में अनुवाद किया था। किरपा मृदंगराय औरंगजेब के दरबार का गायक था। संगीत से खफा होने के पहले औरंगजेब ने कई धृपदों पर अपनी मुहर लगाई थी। औरंगजेब के एक खास दरबारी चहेता फकी सल्ला ने मानकर-तुहल के रागदर्पण का फारसी में अनुवाद किया था और उसे औरंगजेब को ही अर्पण किया। बिजापुर के इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय के दरबार में भारतीय संगीत की

प्रतिष्ठा तो कुछ और थी। इब्राहिम के तंबूरे का नाम मोतीखान था जिसकी सवारी बिजापुर के रास्तों पर हाथी पर निकलती थी। तानसेन का शागीर्द बख्तरखाँ इब्राहिम का उस्ताद था, जिसे इब्राहिम ने अपनी भतीजी ब्याही थी।

खिलजी और तुघलकों की फौजी छावनियाँ जब दक्षिण भारत में छाने लगीं तो न केवल दिल्ली सल्तन के राजनैतिक रंगढंग और तौरतरीके दक्षिण भारत में पहुँचे, बल्कि उत्तरी भारत की कई सांस्कृतिक,छबियाँ और झांकियाँ दक्षिण भारत के सांस्कृतिक जीवन में डोलने लगीं। तुर्की-अफगान शासन काल में ही दक्षिण भारत में हिन्दी, हिन्दवी - दक्खनी भाषाओं का जन्म हुआ। अमीर खुसरो ने जिस हिन्दवी भाषा के गौरव में शेर लिखे थे वही भाषा सोलहवीं, सत्रहवीं सदी में जब दक्षिण भारत पहुँची तब दक्खनी हिन्दी कहलाई। उत्तर भारत में जब खडीबोली के रूप में हिन्दी–हिन्दुस्तानी–उर्दू भाषा का जन्म हो रहा था तभी दक्षिण भारत में दक्खनी हिंदी उभर रही थी। इब्राहिम आदिलशाह के दौर में इसी भाषा ने दरबारी भाषा की हैसियत हासिल कर ली।

ख्वाजा बंदेनवाज गेसूदराज सूफी बुजुर्ग दक्खनी के पहले कवि माने जाते हैं। दक्खनी साहित्य की पहली ऊंचे दर्जे की कलाकृति निजामी नामक कवि ने पंद्रहवीं सदी में लिखी, निजामी की मसनवीका नाम था 'कदमराव और पदम।' इस मसनवी के बाद जालना निवासी शाह अशरफ ने इ. स. १५०४ में 'नवरसहार' मसनवी लिखी। इ. स. १६२२ में अहमदनगर निवासी हसन शौकी ने 'फतहनाम ए निजामशाह' मसनवी लिखी।

दक्खनी हिन्दी के बहुतेरे लेखक सूफी अंदाज में शायरी करते थे। खानकाहो में गाये जानेवाली कव्वालियाँ, पढे-लिखे लोगों के घरों में पढी जानेवाली मसनवी, गजलें, उरसों के संदलों में–जुलुसों में शामिल होनेवाले लोगों के ओठों पर नाचने वाले गीत इन सूफी बुजुर्गों की प्रेरणासे ही लिखे गए। इन बुजुर्गों में सब से मशहूर बुजुर्ग गुलबर्गा शरीफ के गेसूदराज बंदनेवाज थे।

आदिलशाही रियासत में सब से पहला जानामाना दक्खनी कवि शाह मीरांझी था। 'शहादतुल हकीकत' नामक उसकी किताब सुविख्यात है। शाह मीरांजी हिन्दी भाषा की रचना की सबब उसे बताता है।

दो भाका मिलसू बोली पर मनका भावत खोली
दो से गुरूमुक पद पाया तो ऐसे बोल चलाया
जो खोई अच्छे खासे उस बयान केरे प्यासे
ये अरबी बोल न जाने ना फारसी पछाने
दो उनको बचन देत सन्त बूसे रीत
यो देखत हिंडी बोल पन्न मानी है निपतोल

यह भाषा उबडखाबड जरूर है – पर उनका भाव सीधे सीधे खोलती है। जो गुरूमुख से मैंने उपदेश पाया उसे बयान करने के लिए मैं बेताब हूँ। जो अच्छे खासे लोग हैं न तो वे अरबी जानते हैं, न फारसी पहचानते हैं, मैंने जो सन्तवाणी सुनी है उनको लोगों तक पहुँचाने के लिए हिन्दी के बोल ही निरूपम हैं।

काजी महमूद बहरी इब्राहिम द्वितीय का समकालीन दक्खनी शायर है। गुलबर्गा के पास गांगी ग्राम के बाशिंदे ने 'मनलगन' नामक सूफी तबीयत का काव्य दक्खनी में लिखा था। वह अपनी जबान को हिंदी कहता है।

हिंदी तो जबांब है हमारी
कहने न लगे हमनको भारी

हिंदी यह तो हमारी अपनी जुबां है इस भाषा का उपयोग करते हुए हमें कोई बोझ महसूस नहीं होता।

बंदेनवाज गेसूदराज, निजामी, हसन शौकी, बहरी, मीराजी अब्दुल, नुसरती इन दक्खनी हिंदी के सुविख्यात कवियों की पंक्ति में इब्राहिम द्वितीय भी सम्मिलित है। इब्राहिम द्वितीय के काल में बिजापुर दुनिया का एक बेजोड शहर बन गया। महल, गुंबद, तालाबों से सजे इस शहर में दुनियाभर के कलाकार इकठ्ठा हुए थे। इस विश्व-विख्यात बिजापुर शहर में नवरस के गीत रचे और गाए गए।

गोलकुंडा और बिजापुर दक्खनी हिन्दी साहित्य के बडे केंद्र रहे हैं। मुहम्मद कुली कुतुबशाह गोलकुंडे का न केवल समकालीन था बल्कि दक्खनी कविता के क्षेत्र में इब्राहिम का सहप्रवासी था। कुली कुतुबशहा ने दक्खनी में गजलें और गीत लिखे हैं। इन गजलों और गीतों में पिया और सजन के साथ-साथ मेनका, रंभा, उर्वशी आदि अप्सराओं ने खूब रंग भर दिया है। कुतुबशाह की बहन चांदसुलताना इब्शील द्वितीय को ब्याही थी। इब्राहिम ने अपनी एक बेटी का विवाह मुगल सल्तनत से सुलह करने के लिए अकबर के बेटे शहजादा दानियल से किया था।

दक्खनी हिंदी का उद्‌भव मराठी, तेलगू और कन्नड भाषिक प्रदेशों में होने के कारण मराठी, कन्नड और तेलगू भाषाओं के रंगढंग दक्खनी साहित्य में उभरना अनिवार्य था। दक्खनी दक्षिण भारत की इन भाषाओं से काफी मिलती-जुलती नजर आती है। इसलिए मराठी शब्दों का प्रयोग दक्खनी हिंदी में काफी हुआ है। आनू (लावू), धावेगा (दौडेगा), सोहला (उत्सव), पांढरा (सुफेद), हत्ती (हाथी), पारध (शिकार), बेगेबेगी (जलदी) कई मराठी शब्द नवरस के गीतों में पाए जाते हैं।

बिजापुर शहर कर्नाटक में होते हुए भी मराठी भाषा के प्रभाव से अछूता नहीं था। इ. स. १३२० में बिजापुर में बनी एक मसजीद पर शिलालेख की कुछ पंक्तियाँ हैं। 'स्वास्ति श्री शकु १२४२ रौद्रि संवछरे श्री षुदुबुद्दीन राय विजयराज्योदईत

तंनीरोपित मलिकु क्रिमोदीन दक्षिण वाराणसी बिजेयपुरी वडिल मासिती करविली..."

दिल्ली के सुलतानों ने दक्षिण भारत को अपने अधीन करने की बहुत कोशिशें कीं। खिलजी और तुघलकों की जंगी छावनियाँ दक्षिण भारत में फैलती रहीं। दिल्ली सल्तनतों की फौजी सरगरमियाँ एक हद तक तो कामयाब रहीं और एक हद के बाद उन्हें हार माननी पडी। दिल्ली सल्तनतों की छावनियों के साथ आए हुए महत्त्वाकांक्षी सिपहसालरों ने दक्खन में बगावत के बीज भी बोए। उन बीजों में से दक्खन के मुस्लिम राजतंत्र के पौधे उग आए। दौलताबाद, गुलबर्गा और बीदर यह एक प्रारंभिक तिकोना था जिस में बहमनी हुकमत खडी हुई, और थोडे ही काल में यह हुकमत दक्षिण भारत में चारों तरफ फैल गई। चौदहवीं शती के मध्यमें बहमनी हुकमत का उदय हुआ और पंद्रहवीं शती के अंत में बहमनी सल्तनत टूट कर गोलकुंड की कुतुबशाही, अहमदनगर की निजामशाही, बिजापुर की आदिलशाही, बीदर की बारिदशाही और एलिचपुरकी इमादशाही दक्षिण भारत के नक्शे में उभर आई।

बिजापुर के आदिलशाही घराने का निर्माता युसुफ आदिलखान जॉर्जिया से भारत आया हुआ एक मामूली गुलाम था। जो महम्मद गवान के हाथ बेचा गया था। महम्मद गवान ने युसुफ के गुणों की कदर की और बिजापुर दरबार में उसने युसुफ को ऊँचे पद पर बिठाया। युसुफ आदिलखान बिजापुर का सुभेदार बन गया और गवान की मृत्यु के बाद बहमनी सल्तनत से रिश्ता तोडकर बिजापुर की अलग रियासत कायम की। जॉर्जिया से भारत आया हुआ गुलाम जब बिजापुर का सुलतान बन गया तो दरबारी इतिहासकार ने उसकी वंशावली खोज निकाली और उसे तुर्की के सुलतान मुराद का बेटा घोषित कर दिया। युसुफ आदिलखान ने कोकण के एक मराठा सरदार की बहन ब्याही थी। इस मराठे का बेटा ही आदिलशाही तख्तपर विराजमान हुआ। इसी घराने में इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय पैदा हुआ जिस की रगों में जॉर्जियन, तुर्की तथा ईरानी खून के साथ भारतीय खून भी मौजूद था।

बिजापुर के अन्य सुलतानों ने अपनी सल्तनत की सरहदें चौतरफा बढाईं जबकि इब्राहिम द्वितीय ने बिजापुर शहर की सांस्कृतिक विभूति सजाई। फौजी कामयाबियों की अपेक्षा इब्राहिम की सांस्कृतिक देन दक्षिण भारत के इतिहास के लिए अधिक उल्लेखनीय सिद्ध हुई। बिजापुर जो यादव कालमें विजयपुर कहलाता था इब्राहिम ने उसे विद्यापुर कहलवाना अधिक पसंद किया। हालाँकि विजयपुर विद्यापुर के नाम से लोकप्रिय नहीं हो पाया वह बिजापुर के नाम से ही ज्ञात रहा। इब्राहिम द्वितीय के दौर में बिजापुर का सांस्कृतिक कायाकल्प हुआ। सैंकडों कलाकार, सौदागर, लेखक दुनियाभर से बिजापुर आए और उन्होंने इब्राहिम के दरबार में शरण पाई और कई शायर, फनकार, भवनकार, संगीतकार इब्राहिम के दरबार में इकठ्ठा हो गए। फरिश्ता और शिराजी जैसे इतिहासकार मलिक संदल और शाहनवाजखान जैसे भवनकार, फरुक हुसेन जैसे शिल्पी, मलिक

कुमी, अब्दुल और जुहुरी जैसे कवि इब्राहिम के दरबार में अपनी पगडी पर तुर्रा कसे हुए थे।

इब्राहिम आदिलशाह की राजधानी बिजापुर अपने जमाने का एक फलता-फूलता शहर था। 'इब्राहिमनामा' के रचयिता शायर अब्दुल ने बिजापुर का वर्णन इन शब्दों में किया है—

> सुनो अब सिफत शाह रहन तख्त ठाओ विजापूर
> नगर है भी
> उनका जो नाओ........
> ....
> वसे शहर दरम्यान सब भेसका
> रहे लोग सुख सो छपन देसका.......
> ....
> जमाना अजब यो जना बोकडा
> विद्यापुर नगर रूप होकर खडा.....
> ....
> जिको मुल्क आलमके दुनिया फिरावे
> विद्यापुर नगरमें रहो सुख सो आए
> न इस शहरमें नयन आँसू झरे
> सो इस मेघ धारा न होई कुछ परे.

शाह के रहने की और तख्त की जगह की अब तारीफ सुनिए, आज उसे विद्यापुर नगर कहा जाता है......

इस शहर में सब प्रकार के भेस करनेवाले लोग बसे हैं, और छप्पन देश के लोग यहाँ सुख चैन से रहते हैं......

जमाने ने एक अजीब चीज पैदा की है जो विद्यापुर नगर की शकल में खडी है...

दुनिया के किसी मुल्क में जिसकी तकदीर उलट गई हो। उसे विद्यापुर नगर में सुख से रहने के लिए आ जाना चाहिए।

इस शहर में किसी के नयनों से आँसू नहीं झरते। पानीभरे बादल के अलावा यहाँ कोई आँसू नहीं बहाता।

इ. स. १६०४ में मोगल दरबार का वकील असफ बेग जब बिजापुर आया तो इस शहर के ऊंचे मकान, यहाँ का स्वस्थ जलवायु, यहाँ के बाजार और यहाँ के नगरवासी, आदि

सब का असफ बेग पर गहरा असर हुआ। असफ बेग ने बिजापुर का वर्णन इन शब्दों में किया है : ' यहाँ के बाजारों में कपडों के व्यापारी, जोहरी, मछरीए, भटारी और हथियार बेचनेवाले तरह-तरह के लोग चारों तरफ दिखते हैं। शराब, सुंदरियाँ, नर्तकियाँ, हीरे, और महलों से यहाँ के बाजार भरे हुए हैं। रास्तों पर हजारों लोग शराब की मस्ती में झूमते नाचते, प्यार आनंद में बिभोर दिखाई देते हैं। कहीं हातापाई नहीं, बातों के बतंगे नहीं। हमेशा यहाँ खुशी का आलम होता है। दुनिया में शायद ही कहीं ऐसे दृश्य दिखाई देंगे। असफ बेग ने बिजापुर शहर की जो झाँकी कलम से चितारी है वही इब्राहिम के कलाम में हमें गीतों के रूप में दिखाई पडती है।

इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय के दौर से बिजापुर की रियासत में दक्खनी मराठी ब्राह्मण बिजापुर के दरबार में ऊंचे पद पर था। हालाँकि ज्यादातर ऊँचे पदों पर मुसलमानों की ही भरमार थी, लेकिन गावों-कसबों और देहातों पर स्थानिक देशमुख, नाडगौडा और पटवारिओं की सत्ता बरकरार थी। " छानबे कुनबेके " कई मराठा सरदार आदिलशाही शासन में ऊंचे पद पर विराजमान थे, मुस्लिम शासकवर्ग में भी दक्खनी मुसलमान अब जोर पकड रहे थे। देसी और परदेसी मुस्लिम शासकों के गुटों में इस दौर में हमेशा अनबनी का वातावरण था। इब्राहिम आदिलशाह के दौर में ईरानियों के मुकाबले में दक्खनियों की ताकत बिजापुर में बढ गई थी। इब्राहिम खुद दक्खनियों का हाथी था। एक सुलतान की हैसियत से इबराहिम की अधिकतर जिंदगी तो राजकाज और लडाई झगडों में गुजरना अनिवार्य था। लेकिन अकबर की तरह इब्राहिम को धार्मिक और सांस्कृतिक आंदोलनों से भी दिलचस्पी थी। इब्राहिम का झुकाव सूफी इस्लाम की तरफ अधिक था।

इब्राहिम अपना परिचय " जगद्गुरु " की उपाधि के साथ देने में गौरव अनुभव करता था। इस जमाने के सभी सुलतान अपने आपको शाहजहान, जहांगीर, आलमगीर कहलाने में कृतार्थता अनुभव करते थे। इब्राहिम अपने आपको "जगद्गुरु" कहलवाता था। समकालीन साहित्य में इब्राहिम को " जगद्गुरु " ही कहा गया है। सातारा जिले में एक गांव मसूरी के पटेलगी का झगडा इब्राहिम ने फैसले के लिए पैठण के पंडितों के पास भेजा था। इस मुकदमे के मजहर में इब्राहिम को ' पातशहा जगद्गुरु ' कहा गया है। इब्राहिम के दरबार का एक शायर अबदुल जिसने ' इब्राहिमनामा ' के शीर्षक की मसनवी लिखी है। इब्राहिम के व्यक्तित्व की एक दिलचस्प झाँकी बयान करता है। यह मसनवी लिखने की प्रेरणा उसने कैसे पाई इसको समझाते हुए अब्दुल ने यह जिक्र किया है। अब्दुल ने इब्राहिम से कहा था कि वह तो दिल्ली का रहनेवाला है और उसकी जुबान हिंदुसी है। अरबी और फारसी तो वह जानता नहीं, ऐसी हालत में उसे किस जुबान में अपनी मसनवी लिखनी चाहिए। इसके जवाब में इब्राहिम ने कहा था—

‘ न बाकी रहे कुछ तो आलम निशान
अगर कुछ रहे तो बचन शिअर जाने ’

इस आलम में किसी चीज की निशानी बाकी नहीं रहती। अगर कुछ बाकी रहता है तो बस शायर के बोल बाकी रह जाते हैं।

शिअर फन सब मुल्क में एक घात
इशक एक परगट छप्पन रूप बात
जबा रूप परगट जो जिस मुल्क कर
उसी ही बचन सो शाइरी बोल घर,

शायरी का फन सब मुल्कों में एक जैसा होता है। प्यार एक ही होता है। लेकिन उसका आविष्कार छप्पन रूपों में होता है जिस मुल्क की जो जुबान हो उसी जुबान में शायरी के बोल फूलने दो।

अकबर के वकील असफ बेग ने अपनी बिजापुर यात्रा का जो वर्णन लिखा है उससे आदिलशाही दरबार की एक दिलचस्प झाँकी हमें प्राप्त होती है। जब असफ बेग ने इब्राहिम को अकबर का फर्मान फारसी में सुनाया तो इब्राहिम कुछ हडबडा गया, और अपने दरबारी सलाहगार अंतू पंडित से मराठी भाषा में गुफ्तगू करता रहा, असफबेग की फारसी वह अंतू पंडित की मददत से समझ पाया। इब्राहिम को फारसी भाषा अवगत जरूर थी लेकिन वह फारसी टूटीफूटी ही बोल लेता। असफ बेग से बातचीत के वक्त इब्राहिम ने असफ बेग को “गुरुभाई” कहकर अकबर को अपना कबूल किया। असफबेग ने इब्राहिम के एक ऊँचे गायक होने की भी गवाही दी है। इब्राहिम के दरबार में तीन प्रकार के गायक होते थे। एक हुजुरीयन, दूसरे दरबारीयन, और तीसरे शहरीयन। इन गायकों में हिंदू गायकों की भरमार थी। जिनकी संगत से इब्राहिम सरस्वती का भक्त बन गया था। शाही महल में इब्राहिम सरस्वती की मूर्ति की पूजा करता था। बिजापुर के इस्लाम छोडने की अफवाह जोर पर थी।

इब्राहिम के भावविश्व में एक दिलचस्प हिंडोला झूलता नजर आता है। एक तरफ वह भारतीय मुसलमान है और दूसरी तरफ वह सरस्वती का भक्त भी है। इस्लाम और हिंदू देवताओं की पूजा की इस उलझन में इब्राहिम के भावविश्व का हिंडोला झूमता रहा। इब्राहिम के जीवनकाल में दकियानूसी कठमुल्ला मुसलमान यह कानाफूसी करते रहे कि इब्राहिम कहाँ का मुसलमान रहा, वह तो हिंदू बन गया है, सरस्वती की पूजा करता है, गणपति के गुण गाता है। इब्राहिम जिंदगी भर यह कानाफूसी, यह तानाकसी बर्दाश्त करता रहा। मरने से पहले अपनी मजार पर लगाने के लिए जो कतबा–लेख

इब्राहिम ने पसंद किया वह कुरान शरीफ की एक आयत थी जिसमें कहा गया था। 'नहीं सही मे इब्राहिम यहूदी नहीं था, न ईसाई था, बल्कि वह तो मुसलमान था उसकी भक्ति साफ थी—और वह बुत्परस्तों का तो हरगिज नहीं था।' इस लेख की आड़ में इब्राहिम ने अपने कठमुल्ला दकियानूसी आलोचकों से सवाल पूछा था कि इब्राहिम जो यहूदियों का इस्लामपूर्व मसीहा था उसको अगर इस्लाम के हुजूर ने कबूल किया था तो सरस्वती के भक्त इब्राहिम को एक मुसलमान की हैसियत से कबूल करने में हिंदुस्तानी मुसलमानों को आनाकानी क्यों होती है ?

दक्खन की जमीन पर खडी हुई यह मजार आजकल इब्राहिम रोजा के नाम से मशहूर है। इब्राहिम रोजा कई अर्थों में अपने युग की संजोई प्रेरणाओं का प्रतीक है। कमल के दंठलों की झाँकियाँ इस मजार के खंबों पर हैं। यहाँ के गुंबदों ने भारतीय फलों के कंदुकों की शक्ल अपनाई नजर आती है, यहाँ के मीनारों के कलश कमल के अर्धोन्मिलित फूलों जैसे दिखाई देते हैं। इस मजार के खंबे, कमान, और गुंबद फूलों के गेंदों में, कमल के दंठलों में और फलों के गुब्बारों में शामिल हुए से दिखाई देते हैं। मध्ययुगीन भारतीय–इस्लामी स्थापत्य का यह रोजा एक निरुपम रूपक है।

नवरस की संवेदना

इब्राहिम मध्ययुगीन भावविश्व में डूबा हुआ हिन्दोस्तानी कवि है। उसकी प्राकृतिक और मानवीय सौंदर्यानुभूति मध्ययुगीन हिन्दोस्तानी देवता सृष्टि और संवेदनाविश्व में खूब भीगी हुई है। 'दुनिया घडा भरे चंदन दूधे' (गीत क्र.–४) इस गीत में झलकती कवि-कल्पना की उडान उसकी साक्षी है। यह दुनिया चाँदनी से भरा हुआ घडा है, शुद्ध पक्ष का चाँद उस घडे का मख्खन है अथवा चाँद की मोतियों की राशि है, अथवा चंद्रमा इंद्र है और चांदनी उसका वाहन ऐरावत हाथी है। इस कल्पना सृष्टि के दर्शन नवरस के कई गीतों में पाए जाते हैं। मध्ययुगीन भावविश्व की वेदना के कुछ गहरे स्वर नवरस के गीतों में सुनाई देते हैं। 'जग सुख नित आनंद भये–हंऊ सदा जनन खोई रहे काज' (त क्र. १४) इस गीत की वेदना मर्मस्पर्शी है। 'आरे पवन न जा उनपर – जिन बिरहे कठिन अमिन माग, हऊ चल कुच डर नहीं–मुज डर जग जल जाये उस आगे' इस पंक्ति में एक विरहिनी के भाग में आए ऐसे अग्निभोग का डर कवि ने व्यक्त किया है जिससे विरहिनी को डर है कि कहीं इस आग में सारा जगही न जल जाए। 'प्यारे प्यारी येक पास' (गीत क्र. ८) में भी एक ऐसी विरह वेदना है जो मध्ययुगीन होते हुए भी हृदयस्पर्शी है। 'मेरा पीऊ घुंडु रे- दिल सूं आंस्था भीतर रे' (गीत क्र. १२), 'आये मिलरे प्यारे सजन – नवल लाल दारिद्र्य भंजन ' (गीत

क्र. १६), 'लाल मोसु निकुर गये – पर सेज रहे मुज सेज सट' (गीत क्र. १७), 'कोसी बाट, देखी मैं पीयकी –केता धुंडती फिरी तोंकी' (गीत क्र. २६) इन गीतों में सूफी–भक्ति युग की विरह वेदना के स्वर अच्छे उभरे हैं।

इब्राहिम की भाव-व्यंजना भक्तिप्रधान सूफी रंग में भीगी हुई है। गेसूदराज बंदेनवाज दक्षिण भारत में मुस्लिम जगत् के सब से ऊंचे सूफी सिद्ध पुरुष माने जाते थे। फरिश्ते ने एक जगह लिखा है कि एक बार उसने किसी दक्खनी से पूछा था कि महम्मद पैगंबर और गेसूदराज बंदेनवाज इनमें बडी हस्ती कौन है? तो उस दक्खनी ने जवाब दिया था कि मोहम्मद पैगंबर तो खैर बडी ही शकिसीयत थी, लेकिन गेसूदराज बंदेनवाज तो सब से उच्च कोटि के बुजुर्ग थे। इब्राहिम आदिलशाह भी इन बुजुर्ग से बडी अकीदत रखते थे। बंदेनवाज की दरगाह पर जो उर्स लगता था उसमें शरीक होने के लिए इब्राहिम बिजापुर से गुलबर्गा जाया करते थे। नवरस के गीतों में इब्राहिम की यह भक्तिभावना कई गीतों में प्रकट हुई है। बंदेनवाज और उनकी दरगाह, इन दोनों की प्रशंसा में नवरस में तीन-चार गीत हैं। (गीत, २, ३, २०, २७)

'प्यारे चांदा आंखु कथा दीन दोये दुख' (गीत क्र. ३१)

यह नवरस रागमाला का एक अनोखा गीत है जिसकी हर पंक्ति में भाव संवेदना ऐसी लदी हुई है जैसी फूलों से लदी हुई डाली। इस गीत के भाव ऐसे शब्दो में उभरे हैं मानो डाल-डाल से जमीन पर फूल टपकते हों।

'प्यारे चांदा आंसु कथा दीन दोये दुख
मन चाहे सो निस वही हम तुम रहे अब सुख
बुझाऊँ दीपक को त्रासों दिनकर आवेगा
घर घर छप रहे जासूस सब सुध पोह्चावेगा
पौ फाटी तो देख जा टाक धावे गा
इब्राहीम न सो जाग ऐसा पीऊ कहाँ पावेगा
संध्यान कर सिंधार लोभ कंठ लावेगा
रात थोडी मदन बहुत बना उठ जावेगा।

ऐ प्यारे चंद्रमा, तुझसे एक बात कहता हूँ, दिन में हम दोनों दुखी रहते हैं लेकिन अब तो मनपसंद रात आ गई है, अब तो हम तुम सुखी हो जाएँ।

मिलन की यामिनी है। दीपक बुझाओ कौन जानता है, कब दिनकर पहुँच जाएगा, घर घर में लगे दीपक उसके जासूस हैं वे उस तक सब खबर पहुँचाएँगे, पौ फूटेगी तो सब कुछ छोडकर वह भाग जाएगा।

इब्राहिम यह समय सोने का नहीं है, ऐसा प्रियतम फिर न मिलेगा, नहाकर शृंगार कर वह तुझे प्यार से गले लगाएगा रात थोडी है प्रेम की ज्वाला भडक रही है। कहीं ऐसा न हो कि प्रीतम उठ कर चला जाए।

"बना बनी बालक बाली" (गीत क्र. ३२) यह एक गीत की डाली ऐसी है जिसपर दो कलियाँ डोल रही हैं, इन दोनों ही कलियों की हरकतें बड़ी ही दिलचस्प हैं।

'बना बनी बालक बाली
मानुं बीब पोहप कली येक डाली
बनबीच थाडी नवरस गाती
मर मर दारू प्याला पिलाबी
चाल चलती डगमगाती
चुनडी कसी लटपटाती
अधर चुंभ चुंभ गरे लगाती
इब्राहिम देख उल्लास मुस्काती।

बालक-बालिका, नायक-नायिका ऐसे दीख रहे हैं मानों एक डाल पर दो कलियाँ फूल रही हों, बाला बन में खड़ी है और नवरस के गीत गा रही है। प्याले भरभर शराब पिलाती है और मतवाली डगमगाती चाल चलती है। चुनरी कसते कसते बाली लटपटाती है, प्रियतम के अधर चूम कर उसे गले लगाती है, और इब्राहिम को देखकर उल्लास की मुस्कान भरती है।

प्रकृति की कुछ अनोखी, छबियाँ इब्राहिम के गीत में छलकी हैं।

'झलकत निकल्या निश-चांदा' (गीत क्र. ९) इस गीत में इब्राहिम ने आसमान की गहराई से झलकते हुए निकल पडे चाँद और उसकी किरनों का संचार एक अनोखे ढंगसे चितारा है।

झलकत निकल्या निश चांदा
आपे पारधी हो लिया किरनका फांदा
अजब फन कर केऊं आया भारा
मत अपसे ना देखे कोये फिरे निवारा
जेते तारे गोद भरल्याया चारा
चंदनामृत जलपुर निर्मला
किरन दोरी बुन मेले जाला
इब्राहिम मीन नयन फूल खिले कमला

रात के प्रहर में चांद झलकता हुआ निकल पडा। स्वयं मछेरा बनकर वह किरनों का फंदा लेकर आया, कैसे चमत्कार से वह बाहर आया, कोई देख न पाए इसलिए छिपा हुआ फिरता रहा। जितने तारे थे वे उसने अपनी गोद में भर लिए। चंद्रमा तो साक्षात् निर्मल अमृत जल है। किरनों की डोरी से जाल बुना गया है। इब्राहिम कहता है, इस अमृत जल में मछलियाँ नहीं वरन् कमल के फूल खिले हैं।

'संघाति संघात सब सहेया संग' (गीत क्र. ६) एक ऐसा लुभावना गीत है, जिसमें अल्हड सहेलियों की क्रीडा में धरती और आकाश के साथ मदिरा के प्याले भी झूम उठते हैं। सहेलियों के इस नृत्यगान का इब्राहिम का खींचा हुआ चित्र बहुत ही दिलकश है।

संघाति संघात सब सहेल्या संग
करे पीरत केरेया बाज्या झोंट धरणी जंग
हुया हो लटपट सटबट रंगतरंग
जे देखे भुले मन नवरतन नारी अंग
कदम कस्तुरी केसरी कुसुम रंग
ढुलत्या झुमत्या मद शराब भंग
उत्तम बहुगुन गावे नेवरस आहंग
तंबूरां खाब जंतर कमाच जंग
ढोलक डफ हुडुक ताल मृदूंग
शहनाई पावा नै खालु उपंग
इब्राहिम बसंत खेले समुद्रगंग
भानु बसंत विनति करे अरुण रंगपंग'

संग-संग सब सहेलियाँ एक संग होकर झूम रही हैं, प्यार की क्रीडाएँ कर रही हैं धरती के ऊपर झूठमूठ की लडाई याँ लड रही हैं।

लिटपिट सिटबिट खेल में खोई हुई सहेलियाँ एक दूसरी पर रंग के फव्वारे फेंक रही हैं, नारियों के नवरत्न जैसे अंगों को देखकर देखनेवाले अपने आपको भूल से गए हैं। कदम्ब, कस्तुरी, केसर और कुसुम रंग में विभोर हुई सहेलियाँ शराब और भंग के नशे में डोलती झूमती दिखाई दे रही हैं, साथ में तंबूरा, रबाब, जंतर कमान, चंग, ढोलक, डफ, हुडुक, ताल, मृदंग, शहनाई, पावा, नै, खालु आदि वाद्य बज रहे हैं। इब्राहिम, तू तो जानता ही है कि, वे वसंत ऋतु में समुद्र-गंगा का खेल खेल रही थीं। भानु रवि तथा ऋतुराज वसंत उन्हें नम्रतापूर्वक प्रसन्न करना चाहते थे और अरुण उनसे रंग प्रदान करने की प्रार्थना कर रहा था।

—येक नार देख्या खडी सामनी (गीत क्र. ७) इस गीत के तो रंग ही न्यारे हैं। अनायास देखी गई एक नारी का शब्दचित्र इब्राहिम ने यहाँ खींचा है। मेघ मास की पूनम रात की चांदनी और वर्षाऋतु की बिजली की चमक इब्राहिम ने खडी हुई नारी के रूपमें देखी है।

'येक नार देख्या खडी सामनी
पुंनिम रातके मकर चांदनी
या झमके मेघ रुतु सोक्षमिनी
बहुरूप खेले खल कामिनी
हऊ ना जानू तुरकनी ब्राहमिनी
आपे नर रूप आपे रूप सुहासिनी
दशरूप ईश्वरकी ल्याई निशानी'

सामने एक नारी खडी देख रहा हूँ। मानो मार्च महिने में पूनम रात की चांदनी है या वर्षा ऋतु में बिजली चमक रही है। कामिनी तरह-तरह के खेल खेल रही है। तुरकिनी है या ब्राह्मणी है यह तो मैं नहीं जानता, पल भर नर का रूप धारण करती है तो पल भर वह सुहागिन बन जाती है, वह ईश्वर के दस अवतार की निशानी पहनी हुई है।

चांद सुलताना, मोतीखां तंबूरा और आतशखां हाथी ये तीन विभूतियाँ तो इब्राहिम के दिल के टुकडे हैं। नवरस में बीबी चांदसुलताना की प्रशंसा में कई गीत हैं। अमृतवचनी, निर्मलपनवाली, एकचित्त-एकभाव, सर्व कलाओं में निपुण चांदसुलताना से इब्राहिम का रोम-रोम मोहित है। (गीत २२, २९, ४० और ५३) इब्राहिम के भावविश्व में आतशखाँ हाथी और मोतीखां तंबूरे के लिए उतनीही कोमलता और व्याकुलता भरी हुई है। मोतीखां तंबूरे के तार नवरस के कई गीतों में झनकारे गए हैं। इब्राहिम के संगीत सभा का वर्णन नवरस में इस प्रकार है। (गीत क्र. १०)

'अताई धाडी गुनीजन
तिस्वक गुसाई तिरलोचन
भाका न्यारी भाव येक
काहा तुरक काहा ब्राह्मण
उत्तं भाग नीको सो सोहे
जा सरस्वती होये परसंन

इब्राहिम संसार चाहे विद्या
सबद गुरू सेवा जप कर येक मन. '

अताई, घाडी, गुनीजन ये तीन प्रकार के संगीतकार शिवजी के नेत्र हैं, उनकी भाषाएँ अलग-अलग हैं लेकिन मनोकामना एक ही है। कोई तुर्क है कोई ब्राह्मण। उत्तम भाग्य तो सही में उसे ही हासिल है जिसे सरस्वती प्रसन्न हो। इब्राहिम चाहता है कि संसार में विद्या, शास्त्र, संगीत और एकाग्रचित्त गुरुसेवा इनका सदैव बोलबाला रहे।

नवरस के कुछ गीतों में इब्राहिम ने अपनी तस्वीर खींची है। एक हाथ में वीणा, दूसरे हाथ में पुस्तक, केसरी बाना पहने हुए, गले में बिलोरी जयमाला की छबि है। (गीत क्र. ४७) एक अन्य गीत में इब्राहिम गंगाजल में नहाकर साफ-सुथरे वस्त्र पहने, बिलोरी जयमाला ओढे, सरस्वती के शुभनाम का जप कर रहा है। इब्राहिम अपने गणगीतों में सरस्वती को माता और गणपति को गुरु बताता है। (गीत क्र. ५१)

प्रस्तुत नवरस की संहिता में इब्राहिम ने विभिन्न अवरह रागों में ५७ गीत और १७ दोहरे गाए हैं। नवरस रागमाला में सात गीत ऐसे हैं जिन में रागरागिनियों के ध्यानमंत्र लिखे गए हैं, रागों में भैरव और रागिनियों में कर्नाटकी, केदारी, कल्याणी, आसावरी तथा रामकली इन रागरागिनियों के ध्यानमंत्र नवरस में पाए जाते हैं। इब्राहिम के राग-दर्पण ' तथा उमरकालीन ' संगीत सारसंग्रह ' इन संगीत ग्रंथों में रागरागिनियों के जो ध्यानमंत्र मिलते हैं उनके साथ नवरस के ध्यानमंत्र कहीं मेल भी रखते हैं और कहीं अपनी अलग शैली प्रस्तुत करते हैं।

नवरस का भैरव कर्पूर गौरा, त्रिनेत्रा, जटामुकुटधारी है। वह अपनी समस्त उपाधियों के साथ कल्पवृक्ष की छाया में विराजमान है जहाँ इस कैलासनिवासी के समक्ष सुंदर नारियाँ मृदुंग वादन कर रही हैं। (गीत क्र. ४१).

नवरस की कर्नाटकी केतकी जैसी गौरी है, नीली साडी और पीली कंचुकी ओढे हुए है, वसंत ऋतु में कल्पवृक्ष की जटाओं से अल्हड खेल रही है और इब्राहिम बिरहिनी को समझा रहा है कि अब प्रीतम घर आ गए हैं, अब डर किस बात का है ? (गीत क्र.४३)

हिमगौरी बाला कोमल केदारी एक बिरहिनी है जो कभी तो अपना कपोल अपने हाथ में लिए बैठी है और कभी वह अपने नाखूनों से धरतीपर चित्र खींच रही है। (गीत क्र. ४४).

वसंत राग की बहू कल्याणी एक सुंदर कोमलांगी है। इस लाजवंती के मुखपर कुछ घबराहट दिखाई देती है। वह पीली कंचुकी और विविध रंग के वस्त्र पहने हुए है। (दोहरा १५).

नघरसकी आसावरी एक कोमलांगी गौरी है जो लाल पीतांबर और नीली कंचुकी

पहनी हुई। उसका प्रीतम इस चंचला से नटखट खींचा-तानी का खेल खेल रहा है। (गीत क्र. ४५).

रामकली की एक अनोखी शकल है जो चटकीला, रक्तांबर छबिला वस्त्र पहने हुए दिखाई देती है। अपने प्रीतम का चित्त भडकाकर वह अपने सखियों के संग हँस रही है, खेल रही है। (गीत क्र. ४६).

दो अतिरिक्त गीत

नवरस रागमाला की प्रस्तुत संहिता में ५७ गीत और १७ दोहरे हैं। अन्य सभी संहिताओं में इन ५७ गीतों में से ही चुने गए गीत मिलते हैं। हैदराबादनिवासी प्रो. हसनअली खां साहब के पास जो फारसी लिपिबद्ध संहिता है उससे दो अतिरिक्त गीत पाए गए हैं जो डॉ. नजीर अहमद की संहिता में समाविष्ट हैं। श्रीमती उषा इथापे ने इन गीतों की चर्चा नहीं की है। वे दो गीत इस प्रकार हैं :

(दर मकाम कनडा)

सरस्वती महासुंदरी आछे गौरी
सेत वस्तर भुज चतुर

अंतरा

एक हस्त संगीत दुजे पाण्डी
फटिक सुमिरण
तीजे शय : सेत सुवा
चौथे अंबुज कर

अभोग

तन मंजन नैन अंजन मूतिन अमरन
कंचन पैंजन, चकरंग वाहन
सुमन सिंहासन वसंती कुमुदतर
इब्राहिम सर्व देव देवी थाडे
भगत करत नगरकोट
रानडी सीस छतर.

महासुंदरी सरस्वती सफेद वस्त्र पहने हुए है, उसके चार हाथों में गीतों की पुस्तक, बिलोरी-माला, सफेद सुवा और कमल है। तन बिलोरी है, नैनों में अंजन है, सोने के

घुंगरू हैं और हंसी पर बैठी है, फूलों का सिंहासन है, वसंती कमल है। इब्राहिम, सर्व देवदेवता खडे हैं, भक्तों ने उसे घेराव किया है और उसके माथे पर छत्र सँवारा है।

(दर मकान कनडा)

नेकी रिझाये चातुर काये
लाल रसाल संगप्रीत
संजोग सुख पाये

बैन

एक मन लुजलुजान
सूमन चूमन करत बाली
अलबेली अलगन
करत घाये धामे

अभोग

चंचल चपल नैन भिन भिन आंगन
सीन आछे तितर अंत
नैन चितवन टेर टेर मुस्काए
इब्राहिम सात बकसपी
बकसपी सुबास पत्ते डर काए

एक अलबेली बाला नेकपन से अपने लाल रसीले अंगों से रिझा रही है और संयोग का सुख दे रही है। उसका मन लज्जा से चूर है। एक मनस्वी चुंबन देकर वह अलग हो जाती है और ठिठुरकर रो देती है। चंचल नयनोंवाली इस अलबेली का अंग-अंग टूट रहा है तब भी उसकी चितवन मुस्कुरा रही है। इब्राहिम के साथ सुगंधी पत्ते की भरमार है फिर डर किस बात का हो ?

बसातीन – अस्सलातीन इस झुबेरी द्वारा लिखे गए ग्रंथ में नवरस शब्द की बडी ही रोचक उत्पत्ति बताई गई है। सन १५९९ में इब्राहिम ने बिजापुर के करीब एक नया शहर बसाने की ठानी। जब नया शहर बसाने की जगह निश्चित करने के लिए वह टहल रहा था तो एक जगह उसे किसी ने शराब से भरा एक प्याला प्रस्तुत किया। इस शराब-का आस्वाद लेते ही इब्राहिम दंग रह गया, इतनी मधुर और रुचिली मदिरा उसने सकेइ पहले कभी नहीं चखी थी। वह अचानक बोल उठा ‘ कैफियते नवरसीद ’ याने

'एक अपूर्व खुशी मैंने हासिल की।' 'नवरसीद' का अर्थ 'नयी प्राप्ति' होता है। नवरसीद यह शब्द इब्राहिम को इतना भाया कि उसने नए शहर को 'नवरसपुर' घोषित कर दिया। यहीं से नवरस शब्द का चलन इब्राहिम के दरबार में शुरू हुआ। हरएक बुलंद, मानीजानी, मशहूर चीज नवरस कहलाई गई। इबराहिम के गीतों का संकलन भी 'किताबे नवरस' या 'नवरस रागमाला' कहलाया।

नवरस का फारसी अनुवाद इब्राहिम के जीवनकाल में ही हुआ था। इस फारसी अनुवाद की भूमिका इब्राहिम के दरबार के फारसी शायर जुहुरी ने लिखी थी। नवरस के गीतों को 'नादकी की शाखों पर खिले हुए अद्भुत फूल' कहा गया है। मलिक कुमी नामक एक अन्य फारसी शायर ने भी नवरस की भूमिका लिखी थी जिसकी पहली पंक्ति में कहा गया था : 'नौरस बुस्ताने कलामें कदीम' अर्थात् 'नवरस यह पुरानी शायरीका उबान है।'

अबतक नवरस की नौ प्रतियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। ये नौ प्रतियाँ इस प्रकार हैं :

(१) दफ्तरे दीवानी और माल, सेंट्रल रेकॉर्डस ऑफिस, हैदराबाद।
(२) सालारजंग म्युजियम, हैदराबाद
(३) प्रोफेसर हसनअलीखान, हैदराबाद
(४) प्रिन्स ऑफ वेल्स म्युजियम, बंबई
(५) सालारजंग म्युजियम हैदराबाद (नागरी छाया)
(६) हैदराबाद म्युजियम, हैदराबाद
(७) खुदाबक्ष लायब्ररी, पटना
(८) रामपूर लायब्ररी, रामपूर
(९) सालारजंग म्युजियम, हैदराबाद।

इन प्रतियों में क्रमांक २ की प्रति सबसे पुरानी है। सालारजंग म्युजियमस्थित यह प्रति इ. स. १५८९ में अब्दुल रशीद के हाथ लिखी गई है। दफ्तरे दीवानी और माल हैदराबाद, प्रति अब्दुल लतीफ मुस्तफा द्वारा सन १६२० में लिखी गई है। प्रिन्स ऑफ वेल्स म्युजियमकी प्रांत पर लेखक का नाम नहीं है पर उसपर इब्राहिम आदिलशाह द्वितीय का बेटा मुहम्मद आदिलशाह की मुहर है। सालारजंग म्युजियम की देवनागरी छाया और हैदराबाद म्युजियम की फारसी लिपि की प्रति इन दोनों पर तारीख नदारत है। लेकिन ये दोनों संहिताएँ आदिलशाही दौर की ही हैं। इन पाँच प्रतियों के अलावा जो प्रतियाँ उपलब्ध हुई हैं वे आदिलशाही दौर के बाद नकल की गई हैं।

सालारजंग म्युजियम की नवरस की नागरी छाया अभीतक अप्रकाशित रही। उसी संहिता को यहाँ पेश किया जा रहा है। इस हस्तलिखित की विशेषता यह है कि इसमें ऊपर फारसी लिपि में और नीचे उसी पृष्ठपर देवनागरी लिपि में नवरस का पाठ लिखा गया है। इस हस्तलिखित में ११४ पृष्ठ हैं। १६ राग–रागिनियों के ५७ गीत और १७

दोहरे इस पाठ में हैं। नकल करनेवाले का न तो नाम है, न कोई तारीख है। नागरी अक्षरों पर मोडी–मराठी लिपि का प्रभाव जगह–जगह दिखाई देता है। ख, ल, म, ये वर्ण मोडी लिपि में लिखे गए हैं। अक्षरवाटिका सोलहवीं–सतरहवीं सदी की मालूम पडती है। कागज भी इसी जमाने का है। हस्तलिखित के अंत में एक शब्दावली दी गई है। जिसमें करीब पौनेचारसौं कठिन दक्खनी शब्दों के अर्थ फारसी में दिए गए हैं। ११४ पृष्ठ की इस फारसी–नागरी द्विलिपिक पाठ में ९९ से १०६ तक के पृष्ठ इधर–उधर हो गए हैं, लेकिन थोडे ही परिश्रम से उनका क्रम समझ में आ जाता है। फारसी संहिता सुनहरे काले रंग में है और देवनागरी संहिता सिंदूरी लाल रंग में लिखी गई है। इस संहिता के माथे पर फारसी लिपि में ' किताबे नवरस–कवित्व जगत्‌गुरू ' यह पंक्ति है और मुखपृष्ठ पर फारसी लिपि में ही ' नवरस रागमाला ' यह शीर्षक है। इसी शीर्षक के आधार पर नवरस की नागरी छाया को ' नवरस रागमाला ' ही कहना अधिक औचित्य की बात है। अतएव ' नवरस रागमाला ' के शीर्षक के साथ ही यह संहिता यहाँ प्रस्तुत है।

— पंढरीनाथ रानडे

अनुक्रम

गीत क्रमांक १ : नवरस गाओ
गीत क्रमांक २ : सैद महमद
गीत क्रमांक ३ : मखदूम सैद
गीत क्रमांक ४ : दुनिया घडा
गीत क्रमांक ५ : मुख गोरा
गीत क्रमांक ६ : संघाति संघात
गीत क्रमांक ७ : येक नारी देखी
गीत क्रमांक ८ : प्यारे प्यारी येक पास
गीत क्रमांक ९ : झलकत निकल्या निश चांदा
गीत क्रमांक १० : झनन झन मोती खां
गीत क्रमांक ११ : जात ब्राहमनी आंखड्या कामिनी
गीत क्रमांक १२ : मेरा पीयूं धुंडू रे
गीत क्रमांक १३ : हरदम आवे प्यारी
गीत क्रमांक १४ : जग सुख आनंद भये
गीत क्रमांक १५ : सिफत क्या करू
दोहरा क्रमांक १ : जीव जीव सब कहे
गीत क्रमांक १६ : आये मिलरे प्यारे सजन
दोहरा क्रमांक २ : रेग कर फिराऊ
गीत क्रमांक १७ : लाल मोसू निकुर किये
दोहरा क्रमांक ३ : रस सोना तन
गीत क्रमांक १८ : मस्त नयन गजा
गीत क्रमांक १९ : वुई दरदउसे
गीत क्रमांक २० : सैद महंमद पती पीरा
गीत क्रमांक २१ : पुनिम निस मो बिरहे लागत
गीत क्रमांक २२ : धन्य बीबी चांद सुलताना
गीत क्रमांक २३ : उपमा सुंदरी सोहे

गीत क्रमांक २४	:	अताई धाडी गुनीजन
गीत क्रमांक २५	:	निसदिन जपती
गीत क्रमांक २६	:	येती बाट देखी
गीत क्रमांक २७	:	हजरत महंमद
दोहरा क्रमांक ४	:	सरस्वती स्वच्छ सुंदरी
दोहरा क्रमांक ५	:	पारध खेळण हरि आये
दोहरा क्रमांक ६	:	दिनकर जोत पति
दोहरा क्रमांक ७	:	सोम दौर स्वेत
गीत क्रमांक २८	:	जम जम जीवो
गीत क्रमांक २९	:	सोम बीच नूर उत्तम
गीत क्रमांक ३०	:	आतशखानके बिरहे
दोहरा क्रमांक ८	:	लोयनने बीच पडछाई
गीत क्रमांक ३१	:	प्यारे चांदा आंखु कथा
गीत क्रमांक ३२	:	बना बनी बालक बाळी
गीत क्रमांक ३३	:	शरीर शीशा निरमल
गीत क्रमांक ३४	:	मोतीखां सागर उपमापुर
गीत क्रमांक ३५	:	सोगे तुंब मये
गीत क्रमांक ३६	:	बिरहिनी जपा कुसुम
गीत क्रमांक ३७	:	सकल जन विद्वांस
गीत क्रमांक ३८	:	दर्पक दगदार आवत
दोहरा क्रमांक ९	:	दृग धुनी पांडु पया
दोहरा क्रमांक १०	:	विद्या छाड जीवना
दोहरा क्रमांक ११	:	कागद श्वेत निरमल
दोहरा क्रमांक १२	:	बध्न धुपारती
दोहरा क्रमांक १३	:	आकाश उपमा
गीत क्रमांक ३९	:	बध्न बदन मोहन
दोहरा क्रमांक १४	:	नवरस सुर
गीत क्रमांक ४०	:	चतुर चितारी
गीत क्रमांक ४१	:	बहिरव कर्पुर गोरा
गीत क्रमांक ४२	:	नवरस भेदको
गीत क्रमांक ४३	:	कर्नाटी गौरी
गीत क्रमांक ४४	:	केदारी बाली
दोहरा क्रमांक १५	:	कल्याणी रमणी

गीत क्रमांक ४५ : आसावरी स्त्री गौरी
गीत क्रमांक ४६ : रामकरी बना आयो
गीत क्रमांक ४७ : येक करी दंडी
गीत क्रमांक ४८ : विद्या पंथ सुझन नही
गीत क्रमांक ४९ : विलंद महल
गीत क्रमांक ५० : मोतीखान बाजाको
गीत क्रमांक ५१ : प्रथम सुस्नान कर
गीत क्रमांक ५२ : श्री सरस्वती सृष्टि
गीत क्रमांक ५३ : उद्योत सकल कला
गीत क्रमांक ५४ : गणपति तुम रूप
गीत क्रमांक ५५ : गणपति रूप हस्त
गीत क्रमांक ५६ : सरस्वती गौरी
दोहरा क्रमांक १६ : प्रथम सुप्रभातकी
दोहरा क्रमांक १७ : गणपति रांझ दीनो
गीत क्रमांक ५७ : सोभा देत है री.

नवरस रागमाला

किताबे नवरस कवित्व जगतगुरू

गीत १

(दर मकाम हजीज भैरव)

दोहरा

नवरस गावो गीत गुनीजन गुन गणपती
जमजम जीवो आतशखान सदा मस्त हत्ती

बैन

आपे पारधी हुवा बहुत चतुर शाना
घंटनाद सुना जग किया दिवाना
अब दीपक होना सो तुज नाम आतशखाना
धनि धरित्रि दमामा दाइम धरे हाता
नित खुशिया आलोल बजावे मुँहपर मारे दांता
बाजे फते नसरत अतीत अनधाता

अभोग

सुंड उचावे नफिरि बजावे जग रिझावे दिल
इबराहिम अंबर लोक अप बडाई राखे मिळ
यो गज नाँऊ तुज केऊं साजे ईसराफिल

हे गुणी लोगो, नवरस के गीत गाते हुए गणपति का जयगान करो। मस्त हाथी अतिशखान युग युग जीता रहे।

आतिशखान हाथी बहुत चतुर होशियार शिकारी है। उसकी घंटा ध्वनि को सुनकर

जग दीवाना हो जाता है। अब दीपक की क्या बात, तेरा नाम ही अतिशखान है।

वह धरित्री धन्य है जहाँ ऐसा हाथी अपने हाथ में हमेशा नक्कारों को उठाए रहता है, जो सदैव खुशी के साथ अलोल बजाता है। जब वह अपने दांत भूमि पर मारता है तब विजय वाद्य की अतीत और अनाघात ध्वनि बज उठती है। सोंड उठाकर नफिरी बजाते हुए वह जग का दिल रिझाता है। इब्राहिम को भाता है मानो अंबर लोक के सभी छोटे बडे उसके साथ मेल रखते हैं। इसराफिल फरिश्ता जिसके नाम में फिल याने गज ये अक्षर हैं इस गज की बराबरी नहीं करता।

गीत २

(दर मकाम गौरी)

सैद महंमद मेरे दिलपर नाऊं
जेऊं रसूल कर लिखे अरश ठाऊं
गुंमत दिसे जेऊं खुरद मदीना
किये गलेफपर मोतियों चुना
जेऊं दीपकमें दिसे मध्य नायक नगीना
मुश्क अबीर बिछाये अंगना
सेवे आवे जग जुलक ईद महीना

अभोग

पूत बबीका पीर मरदाना
जिस पग परस हुई जमीना
इबराहिम खाक परसू हुवा सोना
जेऊं नुर सुर थी ले चांद हुवा रोशना
किये नवाजिश सब बख्शे गुंना:

सय्यद महम्मद (गेसूदराज बंदेनवाज) का नाम मेरे दिल पर लिखा हुआ है, जैसा कि रसूल का ठाव आसमान में है, दरगाह की गुंबद छोटे मदीने की तरह दिखाई दे रही है, मोतिए का गिलाफ उस गुंबदपर लगा हुई है जो दीपक की लौ मैं नगीने की तरह चमक रहा है, कस्तुरी और अबीर आंगन में फैले हैं, जुलाई के महिने में सारा जगत आपकी सेवा करने आता है।

आप नबी कुल के पूत हैं और मर्दाना पीर हैं जिनके स्पर्श से जमीन पारस हो गई

है। इब्राहिम उस पारस बनी खाक से स्पर्शित होकर सोना बन गया है जैसे सूरज की किरणें लेकर चंद्रमा रोशन हो जाता है। इस प्रकाश को प्रात करने से मेरे सारे अपराधों का अंधकार दूर हो गया है।

गीत क्र. ३

(दर मकाम सुरबा)

मखदुम सैद महम्मद हुसैनी गेसूदराज
आशक शहबाज सरफराज,

बैन

तुम्हारी कबर सींपी सैंद महमद अछे मोती
उपर गलेफ दरिया असमान गुंमती
दीवे तारे कलस कुदरथी.

अभोग

मिश्त दरवाजे फिरिश्ते खिदमतगारा
ऊंदका धुवा भरे हर दू जहां पारा
मोकाम इब्राहिम तुम्हारा ठारा.

मखदुम सय्यद मुहम्मद हुसेनी गेसूदराज वत्सलहृदय, साधु-भगत और आदरणीय हैं।

आपकी कब्र सींपी है और उस सींपी में आप मोती हैं। उपर का गलेफ समुद्र है और आसमान के तारे इस गुंबद के लिए दीपक हैं, और गुंबद का कलस प्रकृति की देन है।

आपके दरवाजे स्वर्ग हैं, फरिश्ते सेवक हैं, दोनों लोक ऊद के धुँए से भरे हुए हैं, इब्राहिम का मुकाम आपका ठिकाना है।

गीत ४

(दर मकामे हजीज भैरव)
दुनिया घडा भरे चंदन दुध
ऊपर निर्मल मस्का सो चांद सुध

बैन

या चकरंग चंदर चंदना रास मोती
या ईदर हंदु चंदना ऐरावत हत्ती
या विधा विधु चंदना जल भागरथी

अभोग

या कपाली चंदर चंदना मंडल विभुती
या बदन छाये चंदर चंदन आरसी जोती
यो कविता आखें इबराहिम संसार गुरूपति

यह दुनिया एक घडा है। इसमें चांदनी का दूध भरा है। ऊपर आनेवाला निर्मल माखन शुद्ध पक्ष का चांद है।

अथवा चाँद चकरंग पक्षी हैं और चांदनी मोतियों की रास है, या चंद्र'इंद्र है और चांदनी उसका वाहन ऐरावत हाथी है। अथवा चंद्रमा स्वयं विधाता ब्रह्मा है और चांदनी भागीरथी का जल है।

अथवा चंद्र कपाली है और चांदनी का मंडलविस्तार कोई विभूति है। अथवा बदन-पर छाए हुए चंद्र और चांदनी आरसी·की ज्योति है। संसार के गुरुपति इब्राहिम यह कवित्व रच रहे हैं।

गीत ५

(दर मकान हजीज भैरव)

मुख गोरा फटिक तिलक छाये अधर
तिलक अक्षता सो ईश्वर व अगिन नेतर

बैन

तिलक चंदन बीच अक्षता
मंडल समुदर मध्य मेरू पर्वता
या उपमा मो मन लागे निसपति लक्षण धरता

आभोग

उपमा आंखू भाल तिलक जगतर
कौन कनक कसे कसोटी करे
इबराहिम हेम परचित तारका मधुथपर

शिव का मुख स्फटिक जैसा गोरा है। तिलक अधर की छाया है। तिलक के बीच जो अक्षता दिख रही है वह ईश्वर का अग्निनेत्र है।

चंदन तिलक के बीच में जो अक्षता है वह मानो समुद्रमंडल के मध्य में मेरू पर्वत है। यह उपमा मेरे मन को भाती है। निशापति चंद्रमा को धारण करनेवाले शिव का यही रूप है।

इस जगत की एक अनोखी उपमा कह देता हूँ। भाल पर जो तिलक शोभायमान है वह ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसीने कसोटी पर सोना कसा है। इब्राहिम ने पुतली की मोम से सोने की परीक्षा की है।

गीत ९

(दर मकाम तोडी)

संघाति संघात सब सहेल्यासंग
करे पीरत केरेया बाज्या झोंट धरणी जंग

बैन

हुयां हो लटपट सटबीट रंगतरंग
जे देखे भुले मन नवरतन नारी अंग
कदम कस्तुरी केसरी कुसुम रंग
दुलत्या झुमत्या मद शराब भंग
उत्तम बहुगुन गात्रे नवरस आहंग
तंबूरा रबाब जंतर कमाच नंग
ढोलक डफ हुडुक ताल मृदंग
शनाई पावा नै रबाब उपंग

अभोग

इबराहिम बसंत खेले समुद्रगंग
भानु बसंत बिनति करे अरुणरंग मंग

संग-संग सहेलियाँ सभी एकसंग होकर झूम रही हैं। प्यार की क्रीडाएँ कर रही हैं। धरती के ऊपर झूठमूठ की लडाइयाँ लड रही हैं।

लिटपिट सिटबिट खेल में खोई हुई सहेलियाँ एक दूसरी पर रंग के फव्वारे फेंक रही हैं। नारियों के नवरत्न जैसे अंगों को देखकर देखनेवाले अपने आपको भूल जाते हैं।

कदम, कस्तुरी, केसर, और कुसुम विभोर ये सहेलियाँ शराब और भांग के नशे में डोलती झूमती दिखाई दे रही हैं।

यह बहुगुणी उत्तमा गीत गा रही है। साथमें तंबूरा, ढोलक, ताल मृंदुग आदि वाद्य बज रहे हैं।

इब्राहिम तू तो जानता ही है कि वे वसंत ऋतु में समुद्र-गंग का खेल, खेल रही थीं। भानु रवि तथा ऋतुराज वसंत उन्हें नम्रतापूर्वक प्रसन्न करना चाहते थे और अरुण उनसे रंग प्रदान करने की प्रार्थना कर रहा था।

गीत ७

(दर मकाम देसी)

येक नार देख्या खडी सामनी
पुंनिम रातके मकर चांदनी
या झमके मेघ रूतु सौदामिनी

बैन

बहुरूप खेले खेल कामिनी
हऊ ना जानू तुरकनी ब्राहिमनी
आपे नर रूप आपे रूप सुहागिनी
दशरूप ईश्वरकी ल्याई निशानी

अभोग

चितारी चितर नसके होये मानी
जेऊं मौज आवे पानी

बोले बाता शीरी जबानी
इबराहिम मिलते चरण धरू पीशानी

सामने एक नारी खडी देख रहा हूँ। मानो माघ महिने में पूनम रात की चांदनी है या वर्षा ऋतु में बिजली चमक रही है।

कामिनी तरह-तरह के खेल, खेल रही है! तुरकिनी है या ब्राह्मणी है यह तो मैं नहीं जानता। किसी क्षण वह नर का रूप धारण कर लेती है और कभी सुहागन बन जाती है। ईश्वर के दस अवतार की वह निशानी पहने है।

मानी जैसा विख्यात चित्रकारभी उसका चित्र नहीं खींच सका। पानी की लहर भरती जा रही है जिसे खिंचना मुश्किल होता है। बालिका मधुर वाणी से मीठी बातें करती जा रही है। इब्राहिम कहता है यदि वह मिल जाए तो उसके चरणों में अपना माथा रख दूँ।

गीत ८

(दर मकाम मारू)

प्यारे प्यारी येक पास
हां जेऊ बोल थी बिछुरे फुल बास

बैन

कितना देखू यो मुख
इन नयनों थी सब हुये चुक
दंदि देवे दिलपर दाग दुख

अभोग

जलबिन जेऊं तलमले मीन
घडि येक मुंज जावे दिन
इबराहिम चकोर चांद बिन

प्रिय और प्रिया एक दूसरे के पास हैं, उनकी बोली मानो बिखरी हुई फूलों की गंध है, इस मुखडे को कितना देखता-रहूँ? मेरे नयनों की ही भूल है, इसपर मेरे द्वंद्वी ताना कसते हैं और दुख देते हैं।

जल के बिना जैसे मछली तडपती है वैसे ही तुम्हारे विरह में मुझे एक-एक घडी दिन के बराबर प्रतीत होती है, इब्राहिम की हालत वैसी ही है जैसे चांद के बिना चकोर की होती है।

गीत क्र. ९

(दर मकाम मारू)

झलकत निकल्या निश चांदा
आपे पारधी होलिया किरनका फांदा

बैन

अजब फन कर केऊ आया भारा
मत अपसे ना देखे कोये फिरे निवारा
जैंते तारे गोद भरल्या या चारा

अभोग

चंदनामृत जलपूर निर्मला
किरन दोरी बुन मेले जाला
इबराहिम मीन नयन फुल खिले कमला.

रात के पहर में चांद झलकता हुआ निकल पडा। स्वयं मछेरा बनकर वह किरनों का फांदा लेकर आया। कैसे चमत्कार से वह बाहर आया कोई देख न पाए इसलिए छिपे हुए फिरता रहा। जितने तारे थे वे उसने अपनी गोद में भर लिए।

चंद्रमा तो साक्षात् निर्मल अमृतजल है। किरनों की डोरी से जाल बुन गया है। इब्राहिम कहता है, इस अमृत जल में मछलियाँ नहीं वरन कमल के फूल खिले हैं।

गीत १०

(दर मकाम मलार)

झनन झनन झन मोतीखानके तांत गाजे
योतो ताल मृदुंग भेद सुं नवरस बाजे

बैंन

इस जगमें दो कुच लीजे
येक तंबुरा येक कामिनि कीजे
इबराहिम जब तूं बुझे
तब बहिश्त अमृत क्या करू मुझे

मोतीखान तंबूरे के तांत झनन झनन झन गरज रहे हैं, मृदुंग ताल के बोलों के साथ नवरस के गीत गाए जा रहे हैं।

इस जग में दो ही चीजों की जरूरत है, एक तंबूरा और एक कामिनी। इब्राहिम जब ये दोनों वस्तुएँ प्राप्त हो तो मुझे स्वर्ग और अमृत की जरूरत क्या होगी ?

गीत ११

जात ब्राह्मणी
आंखडया कामिनी

बैंन

अंजन जानवा नयन दीती
पलखा पितांबर बांध लेती
अंझु जल संध्या कीती
जपकर दिष्टि ईश्वर पार्वती.

अभोग

पुस्तक चक्षु सो सुंदरी
खत काजर कागद पांढरी
पलख जिलिद जोड बांदेडी
इबराहिम पुतरी मुख महदेरी

जात से वह ब्राह्मणी है। उसकी आँखें दिलकश हैं। आँखों का काजर मानो जनेवू है। पलकें बंधा हुआ पितांबर हैं। आँसुओं के जल से संध्या का अर्घ्य प्रदान हो रहा है और उसकी दृष्टि शिवपार्वती का जप कर रही है।

प्रिया की सुंदर आँखें मानो पुस्तक हैं अक्षर उसकी आँख का काजल है सफेदी कागज

है, बंधी हुई जिल्द पलकें हैं। इब्राहिम कहते हैं प्रिया की आँख की पुतली महादेवी का मुखडा है।

गीत १२

(दर मकाम कल्याणी)

मेरा पीऊ धुंडु रे
दिल सूं आख्या मितर रे

बैन

जेता देखु कहांना पाऊरे
इस पलखाके परदेमें आछेरे
सुंज गुनः अजाबना छोडेरे

अभोग

जेऊं छप्या था खिजर जुल्मात मेरे
मेरा मन सिकंदर हुवा धुंडने रे
सैद महंमद इब्राहिमकु दिखांगे रे

मैं अपने प्रेमी को ढूँढ़ रही हूँ। वह तो मेरे दिल में और आँखों में समाया हुआ है। जिधर भी देखूँ कहीं नजर नहीं आता। वह तो पलकों के परदे में छिपा हुआ है। मैंने जो गुनाह और कसूर किए हैं उनकी वजह से यह असफलता मुझे प्राप्त हुई है।

जिस तरह हजरत खिज्र जुल्मांत में छिपे थे और सिकंदर उन्हें ढूँढ़ता रहा उसी तरह मेरा मन प्रीतम को ढूँढ़ रहा है। अब तो सय्यद महमद ही इब्राहिम को रास्ता दिखाएगे।

गीत १३

(दर मकाम कल्याण)

हर दम आवे प्यारी तेरे ईश्वरके बाव मुज
वोही सिलगावे जीवको नहीं तो जावेगा बुज

बैन

मस्त नयन होर अचपल अमोले येऊं रे
मोल राखे जीव साथ तो अक्ल हो देऊ रे

अभोग

जे मुन सब तुही कौन कौन कर गुन लायेरे
ईबराहिम वै गुन बस तुझे उस ग्याने आवेरे

हे प्रियतम तेरे प्यार की वायु प्रत्येक पल मुझे हिलोरती है। इस जीव को वे सुलगाए हुए हैं। वरना वह कब का बुझ जाता।

तेरे मस्त और चंचल नयन अनमोल हैं। अगर मेरे प्राणों के मोल में वे मिल सके तो मैं फौरन वे दे दूँगा।

इब्राहिम कहते हैं, जो गुण तुम्हारे पास हैं वे तुम जहाँ कहीं से लाए हो वहाँ उन्होंने वे और किसीको नहीं दिए।

गीत १४

(दर मकाम कल्याण)

जग सुख नित आनंद भये
हंड सदा जनम खोई बिरहे काज
ये बिरहे मो विचित्र आनंद
मो मन लाये पळपळ कोटीकोटि राज

बैन

आरे पवन न जा उनपर जिन बिरहे
कठिन अगिन भाग
हंउं जलु कुच डर नहीं मुज डर
जग जल जाये उस आग

अभोग

बिरहे साती भुजंग मानुस परगट
अधिक सोमा सूर

ये बिरहे वचन आंखें इबराहिम
तिसबिस जस छिटिक चूर

सारा जगत् नित्य सुख और आनंद से भरा हुआ है। केवल मैंने अपना सारा जन्म विरह में खोया है। इस विरह में मुझे तो एक विचित्र आनंद आता है। मुझे इस अवस्था में भी हर पल अगणित राजसंपदा का सुख अनुभव होता है।

अरी पवन मुझ जैसे विरहिनी के पास न आ जिसके भाग में यह अग्निभोग आया है। इस आग में मैं जल गई तो इसका मुझे कोई डर नहीं, मुझे तो बस यही डर है कि इस आग में कहीं जग न जल जाय।

विरही के साथ भुजंग हो या मनुष्य हो उसके लिए तो चांद सूर्य से भी अधिक तापदायक होता है। यह अनुभव विरही व्यक्तियों ने बयान किया है। इब्राहिम इन विरही जनों के बीच एक अत्यंत छोटासा चूर हुआ कण है।

गीत १५

(दर मकाम कनडा)

सिफत क्या करू तेरा
सो जीव होवे तो थोरा
जेऊं तारे चांदकू जपे
अजित निकल्या सब छपे
तेऊं सब पर गालिब सैद महंमद आपे

बैन

हुसन तुम्हारा येऊं भरे
दाहम सुर उसे देखने फिरे
चांद सुन लाजो झुरे

अभोग

इबराहिम पकडया है आस
जब आवे सैद महमदकी वास
तब तुज होवेगा उल्हास

आपकी प्रशंसा मैं क्या करूं, यदि मेरे पास सौ जिव्हाएँ होतीं तो भी वह इस काम के लिए असमर्थ होतीं। जैसे तारे चांद का जप करते हैं मगर सूरज निकलने के बाद सब छिप जाते हैं वैसे ही सय्यद महम्मद की सभी लोगों पर धाक है।

आपका हुस्न चारों तरफ इस तरह भरा हुआ है कि उसे देखने के लिए सूर्य हमेशा फिरता रहता है और चांद शर्म के मारे सूख जाता है।

इब्राहिम आस लगाए बैठा है कि जब सय्यद महंमद की सुगंध उसके पास आएगी तभी उसके मन को सही उल्लास प्राप्त होगा।

दोहरा १

जीव जीव सब कहे पीव न कहे कोय
जीवका जीव पीव कर जाने होये सती सोए.

अपने जीव की बात सब करते हैं। अपने प्रियतम की बात कोई नहीं करता। जो नारी अपने प्रियतम को अपने जीव का जीव समझती हो वही सती कहलाती है।

गीत १६

(दर मकाम कनडा)

आये मिल रे प्यारे सचन
नवल लाल दारिद्रय भंजन

बैन

याकुतनी हरद बजर नीअन
सो पाननी पीकर पीक रस बीच दर्शन
अधर सींपी ढाल मोती बचन
जोहरा मुश्तरी नुखशारे चंदर बदन
सरस मस्त हस्त कपोल जीवन
सब तन मखे बास अगर चंदन
शराब नयन शीशे सोगे धार अंजन
भरे भरे सोहे प्याले सरवन कुंदन
दाऊद ईलहान कोईल कूकी बन
सीस केस नाग लटपटी फन

अभोग

युसुफ सुरत पदमिनी तन
ईबराहिम मधुकर सीसधरे कमल चरन

आओ सजन हम दोनों मिल लें, तुम मेरे अनोखे प्रियतम हो। हम तुम मिल लें तो दुख दर्द की सभी दरिद्रता दूर हो जाएगी।

याकूत मणि के बीच में बसनेवाला हलदी का एक रत्ती कण सुंदर और अनमोल होता है। वैसे ही पान सेवन के बाद पीक रस की लकीर आपके दातों की शोभा बढाती है।

आपके ओंठ सीपी हैं और बातें सुंदर मोती हैं। तुम्हारी सूरत जुहरा और मुश्तरी जैसी है। मुख चांद जैसा है।

रसभरा यौवन मस्त हाथी के कपालों के समान है और तनसे चंदन की महक आर ही है। नयन मदिरा के प्याले हैं। मदिरा की धारा अंजन की लकीर है और कान कुंदन के फूलों की कटोरी है।

दाऊद गीत गा रहा है जैसे कोयल बन में कूक रही हो, उसके सरपर नागफन के समान बाल बिखरे हुए हैं।

सूरत युसुफ की है। पद्‌मिनी का तन है। इब्राहिम मधुकर है जो कमल के चरण अपने माथे पर लगाता है।

दोहरा २

रेग कर फिराउं दम तन जो कीती तास
फाल देखे जीव पीव कब आबे मुज पास

बिरहन का शरीर कांच और रेती की घडी बना है। उसका तन काच है और श्वास रेत है। प्रियतम के आने का मुहुर्त उसे इससे मालूम होता है।

गीत १७

(दर मकाम कनडा)

लाल मौसुं निकुर किये हट
पर सेज रहे मुंज सेज सट

बैन

इस फिराको हुवा टुकडे टुकडे दिला
सुमिरण कीते सब ले चुन चुन मिला
तेरा ध्यान अमृत अब मरना मुश्किला

अभोग

ना छोड्या जावे ध्यान जो जीव दे सकू
कोन पंडित यो दोबुध सेती राखू
इबराहिम मिलते यो सब मुश्किल आंखु

मेरी शय्या का त्याग कर परशय्या को लिपटने की हरकत तुमने की है। प्यारे अब फिर से मेरे साथ प्यार की चेष्टा मत करो।

विरह अवस्था में मेरा दिल चूर-चूर हो गया है। इन टुकडों को चुनचुन कर मैंने स्मरणी बनाई। प्रिय का ध्यान तो अमृत जैसा है, अब मरना भी मुश्किल हो गया है।

अब तुम्हारा ध्यान छोडा भी नहीं जाता जो मैं देह त्याग दूँ। जीना या मरना इस दुविधा में मैं किसे अपनाऊ इसे समझानेवाला पंडित है कहाँ? इब्राहिम मिल जाए तो उसे मैं अपनी मुश्किल हालत बयान कर सकूं।

दोहरा ३

रस सोना तन तेउं चंदना मुख उपर चांद
नयन हमारे चकोर हो पीरत सुं रहे बाद

पिघले हुए सोने से बना हुआ प्रिया का तन चांदनी है। उसका मुख चाँद है। और हमारे नयन प्रेम के धागे में बंधे हुए चकोर हैं।

गीत १८

(दर मकाम कनडा)

मस्त नयन गजा
सनमुखे रखे धजा
कर सके आपे रखे रजा

बैन

लाल कोर मुख किये रंग सिंदूर आफताब
येक था इंद्र पास यो दो ऐरावत जाब
बाजू दोनो आणि या दंत सनीन जाब
कंबळ पुतळी या पुतली घाटसार
सोगे दुम या सोगे लंगार
पलखा नाडे या पलखा नेजे आर
झरे बंव्हे इश्को बांझू धारा
भंवा अंकुस कर राखे तुज सारा
उसके जलदी बहुत कर सके कौन नजारा
हस्त तुही करतार रखे पना:
जब लग नाद सरवन वचन रसना:
अवल उग्र तेरे सुरज सोभा:
आब आतश बाद खाक नारे
सो यो आपे पैदा हुवारे
सिफत तेरा तुजकू सारे

अभोग

नूर तुज अरबानी दाईम
सुरना रख सके तुज काईम
पांगड तेरा ईश्क ईबराहिम.

प्रिया के नयन हाथी जैसे मतवाले हैं। सामने पताका लटक रही है। जो मन को भाता है, बस वही कर डालती है।

प्रिया ने मुख को संवार कर माँग में सिंदूर भरा जो सूर्य जैसा चमक रहा है, एक इंद्र के पास ऐरावत है और ये दो आंखें उसका जबाब है। आँखों के किनारे मानो हाथी के दांत हैं।

नयनों की पुतली कम्बल है या घंटी है। काजल की लकीर दुम है या जंजीर है। पलकें रस्सियाँ हैं या माला की कडियाँ हैं।

प्रेम के आँसुओं की धारा बह रही है। भौएँ अंकुश हैं जो उसे रोके हुए हैं, उसकी

चपलता का दृश्य सहा नहीं जाता।

ये नयनों के हाथी तुझे करतार की शरण में रखे, जबतक नाद श्रवणीय है जुबान बोल सकती है, जब तक सूरज और चंद्रमा आकाश में हैं तबतक उसे पूरी उम्र मिलती रहे।

पानी, आग, हवा, मिट्टी और फरिश्ते ये सब अपने आप पैदा हुए हैं। तेरी प्रशंसा में जो कुछ भी कहा जाए वह जायज है।

तुम्हारे प्रकाश से सब को प्रकाश मिलता है। सूर्य का प्रकाश भी तेरे जैसा स्थायी नहीं होता। इब्राहिम तेरा प्यार तो एकदम पांगड है।

गीत १९

(दर मकाम कल्याण)

बुई दरदऊसे दारू है दूर
अमृत सोहे मुंज प्यारी देखे धुर

बैन

इष्क तेरा कीता काबिज मुज
कां तै फिरे मरग दरज नहीं तुज

अभोग

ध्यान तेरा सब तन जेऊं
मुंज जाले हनुमंत लंकारे
इबराहिम बिछडया जेऊ सीतारे

बिरह एक ऐसा दर्द है जिसका इलाज बहुत मुश्किल है। अमृत ही उसपर दवा है। जब मेरी प्रिया मुझे घूरकर देखती है तभी यह अमृत मुझे हासिल होता है।

तेरे इश्क ने ऐसा कुछ असर कर डाला है कि बस मरने की ही नौबत आई है, पर तुझे इसका डर नहीं है।

तेरी याद में मेरा तन ऐसा जल रहा है जैसे हनुमान के जलाने से लंका जली थी। विरहन सीता की तरह अब इब्राहिम की हालत है।

गीत २०

(दर मकाम नवरोझ)

सैद महंमद पती पीरा
जेऊ रतनमें उत्तम हीरा

बैन

महले महल सदर संवारे
इस निमोनो बिहिश्त उतारे
आनंद होता है सदा पहारे
आरती ल्याये अंबर भर तारे

कदम कस्तुरी चवा चंदन लाये
बादल कासे हर रंग दीस बरसाये
शामामे अंबर पटिया फिराये
शरबत घोल अमृत पिलाये.

अभोग

बादल दमामे बिजल्या बजावे
बाजे खालु शहनाई मै पावे
सोहेला नवरस कालिया बधावे
इब्राहिम गुरू गुनी गावे.

सैयद महम्मद हुसेनी गेसूदराज पीरों के मुखिया हैं, जैसे रत्नों में उत्तम हीरा होता है।

महल महल सदर सजाई गई है, इस जगह स्वर्ग उतर आया है। हर प्रहर आनन्द विभोर है। आरती उतारने के लिए अंबर तारे भर लाया है।

कदम्ब, कस्तुरी, चौवा और चंदन लाकर बादल चारों ओर रंग और सुगंध बरसा रहे हैं। दीपकों में अंबर की सुगंध और पानपट्टियाँ बाँटी जा रही हैं। घोला हुआ अमृत जैसा शरबत पिलाया जा रहा है।

बादलरूपी दमामों को बिजलियाँ बजा रही हैं। खालू शहनाई नय और पावे बजा रहे हैं। नवरस का उत्सव रागरागिनियों के साथ मनाया जा रहा है और गुणवान गुरु इब्राहिम स्वयं गा रहे हैं।

गीत २१

(दर मकाम कल्याण)

पुंनिम निस मो बिरहे लागत
सोम आवत मो मनावत
मो बिरहे अगिन जल दएत
आवत मो हिम करत

बैन

तब गरमी मेदी इदु गया रूप लक्षन
रवी हो परगट दिसे सारेयां केरे लोचन

अभोग

इब्राहिम सो उस लगिन
बुल पडी बह परान
सुर पुंज सेवा कीजे आवत
जगा जोत पतीमान

पूनम की रात है और मै विरहिनी हूँ। शायद चाँद मेरी सांत्वना के लिए आया है। विरह की आग में मुझे जलती हुई देखकर वह मुझे शीतल करने के लिए आया है।

लेकिन चंद्रमा विरह की आग को बर्दाश्त नहीं कर पाया। इस आग से उसका रूप बिगड गया। वह सूर्य जैसा लोगों को दिखाई देने लगा।

इब्राहिम देखता रह गया कि उस समय बहुत से लोग इस भ्रम में पड गए कि सूरज की ज्योत प्रतिमा निकल आयी है और बहुत से सूर्य के भक्तों ने उसकी पूजा की।

गीत २२

(मर मकाम तोडी)

धन्य बीबी चांद सुलतान मुलके जहां
उत्तम सुंदर वारी ऐसी कहां

बैन

रोम रोम चातुर सब भेद संपूर
अति महागुन
सारेया लाज ठकया नारिया
ऐसी तुव कीरत सुन

अभोग

अमृत वचन बुधिवंत निर्मळ
मन येकचित्त येक भाव
इब्राहिम रीझा पलपल
कर चल मे भाव

बीबी चांद सुलताना मलके जहाँ धन्य है, ऐसी उत्तम सुंदर नारी और कहाँ है ?

उसके रोमरोम में चतुराई भरी है, सभी रहस्यों को वह पूरी तरह जानती है, वह तो एक अत्यंत महागुणवती है। उसकी कीर्ति सुनकर सारी नारियाँ लाज के मारे पानी-पानी हो गए हैं।

वह अमृतवचनी, बुद्धिमान, निर्मल मनवाली, एकचित, एकभाव है। इब्राहिम उससे मोहित है और हर क्षण उसके हाथपाँव की हलचल देखते रहता है।

गीत २३

(दर मकाम मारू)

उपमा सुंदरि सोहैं सुध सदा बरसात
बिजल्या झमके जगा जोत सुं बतीसी दांत

बैन

किसवत रंग रंग दिसे जेऊ बादल
छाये बरसे मेघ सो खोईजल
सब तन केस रूज परकार
सरस जानी रूत आई बार

अभोग

गरजे सो तो कहे राग मलार
ईबराहिम मोर रीझ नाचे सुकार

रूपवती नारी को वर्षा ऋतु की उपमा हमेशा शोभा देती है, उस के दांत की बत्तीसी ऐसी प्रकाशित होती है जैसे बिजलियाँ चमकती हों।

उसके तरह तरह के रंगबिरंगी वस्त्र मानो बादल हैं, मेघों से बरसनेवाला पानी उसका पसीना हैं। उसके तन पर जो केस है वे ही वृक्ष हैं। ऐसा लगता है कि आह्लादकारी वसंत ऋतु की रसीली बहार आई है।

बादलों की गरज राग मलार गा रही है। इब्राहिम रूपी मोर आनंद से विभोर होकर पुकार पुकार कर नाच रहा है।

गीत २४

(दर मकाम कनडा)

अताई धाडी गुनीजन
तिरवक गुसाई तिरलोचन

अंतरा

भाका न्यारी न्यारी भाव येक
काहा तुरक काहा ब्राहमन

अभोग

उत्तं भाग नीको सो सोहे
जा सरस्वती होये परसंन
ईबराहिम संसार चाहे विद्या
सबद गुरू सेवा जप कर येक मन

अताई, धाडी और गुनीजन ये तीन प्रकार के संगीतकार शिवजी के तीन नेत्र हैं। उनकी भाषाएँ अलग अलग हैं। लेकिन उनकी मनोकामना एक है। कोई तुर्क है कोई ब्राह्मण है।

इब्राहिम चाहते हैं कि संसार में विद्या, शास्त्र, संगीत और एकाग्रचित्त से की हुई गुरुसेवा का हमेशा बोलबाला रहे।

गीत २५

(दर मकाम धनासरी)

निस दिन जपती मीठे वचन कर
सुरवन तराजू कर लेऊ जोख.शकर

बैन

काया मंदिरमें जीव दीपक टुक रह्या
जगा जोत सुं भेज मान प्यारे दया
अबत क्या तुजपर कर हुं सब सहया

अभोग

बेग मिलारे प्यारे सुबहान
ना भावे सुख मुज अन पान
ईबराहिम बिरहे मोतीखान

मोतीखान तंबूरे के मीठे बोल सुनकर मेरे दिनरात गुजर गए, गोया श्रवणरूपी तराजू से मैं शक्कर तोल लेता था।

कायारूपी मंदिर में प्राणरूपी दिया टिमटिमाता रहा। अपने दिएरूपी सूर्य से उसे जगमगा दो। हे भगवान अबतक तुम्हारे ही सहारे मैंने सब कुछ सहन किया है।

मुझे शीघ्र उससे मिला दे, मुझे अन्नपानी भाता नहीं। मोतीखाँ के विरह से मेरी यह अवस्था है।

गीत २६

(दर मकान धनासरी)

येती बाट देखी मैं पीवकी
कैता धुंडती फिरी मैं तौकी
आस पकडी पास रहनेकी
नहीं ताकत होर मुज सहनेकी
बात नहीं किस धिर कहनेकी।

अभोग

सैद महमद मिलते पाऊं सुक
तब दिल पर थी सब जाके दुक
ईबराहिम गुनःगार तुं बख्शे चुक

मैंने प्रिय की इतनी राह देखी, मैं उसको कितना ढूंढती फिरी। उसके पास रहने की मैंने आस धरी थी, अब यह विरह मुझसे सहा नहीं जा रहा और यह दुःख किसीसे कहने का धैर्य भी नहीं है।

हे गुरु, सय्यद महंमद गेसूदराज इस विरही अवस्था का अंत करो, जिससे मैं सुख पा सकूँ, तभी दिल के सारे रंज और गम दूर हो सकेंगे। हे गुरुदेव, इब्राहिम अपराधी है, मेरे अपराधों को माफ कर दो।

गीत २७

(दर मकाम भूपाली)

हजरत महमद जगतर गुरु गुसाई
तुव दरगा : चुमक मेरो मन सार

अंतरा

तिरलोक जपत तुव नाउं
पावे परानकी पुरान
अचरज महापीर अबलाबली
तुंही सांचो अवतार

अभोग

कोऊ चाहे मातंग तुखार कोउं रतनमाल
कोउ भोजन वास : कोउ धामाधवलार
ईबराहिम चाहे उत्तम विद्या दान धरम
सैद महमदकी दोहाई करीम करतार।

हजरत मुहम्मद हुसेनी गेसुदराज सर्व जगत् के गुरु गुसाईं हैं, आपकी दरगाह चुंबक है जो मेरे मन को खींच लेती है।

तीनों ही लोक तुम्हारे नाम का जप करते हैं, और प्राणों की पूर्ति करते हैं। आप अनोखे महापीर अबलाबली और सच्चे अवतार हैं।

कोई हाथी चाहता है, कोई घोडा, कोई रत्नधन चाहता है। कोई भोजन और कोई उँचे धवल मकान चाहता है, लेकिन इब्राहिम तो उत्तम विद्या, दान और धर्म चाहता है, सय्यद महम्मद साहब की दुहाई है, वही करता धरता है।

दोहरा ४

सरस्वती स्वच्छ सुंदरी महाऊत्तम जात निर्मळ
येक हस्त पुस्तक दुजे पानी सुमिरन
तीजे शये शंकु चौथे कर कमल

सरस्वती शुभांगी सर्वोत्तम निष्कलंक सुंदरी है, उसके एक हाथ में पुस्तक, दूसरे हाथ में माला, तिसरे हाथ में शंख और चौथे में कमल है।

दोहरा ५

पारध खेळण हरि आये सदा बहुर जाये
मस्त मातंगवाको चारो मांजर कोले
केऊं कर खाये

शिकार खेलने के लिए सिंह आता है और हमेशा वापिस चला जाता है। वह तो मस्त हाथी को रोंदता है। बिल्ली और लोमडियाँ वह क्यों खाएगा ?

दोहरा ६

दिनकर जोत पती सो तुज नाऊं
नही कोये तुज सार रे
सारे तारे चांद होये
नही जोत तुज तार रे

हे दिनकर ज्योतपति तेरा ही एक नाम है और तेरे बराबर कोई नहीं है। अगर सारे तारे चाँद बन जाएँ, तब भी तेरे प्रकाश की बराबरी कहाँ कर पाएंगे ?

दोहरा ७

सोम दौर स्वेत मध्य श्याम
मानुं नयन सुंदरी वाको रूप लक्षन
बादर अंचर तापट मरूत
लागे कब गुपत कब परगट दिसे वदन।

चंद्रमा एक सुंदर नारी है, उसकी सफेद कांति के बीच जो काला दाग है वह सुदरी के नयन हैं, बादल आँचल है सुंदरी के नयन हैं जो हवा के झोंके से हिलते हैं, कभी उसका मुखडा छिप जाता है, कभी प्रकट हो जाता हैं।

गीत २८

(दर मकाम हिजेज)

जमजम जीवो बडे साहेब अप पुत सीसपर
जब लग अंग्र वसुमति निसपति दिनकर।

बैन

माग बुलंद दिन दिन सदा जोत मंगल
करो खुशिया जसन गीत तंत ताल मंदल
राजभोगो आनंद सुं जुगजुग भुव मंडल

अंतरा

मन सागर दान मगुता चकोर जगपुर सरस
सैद महमद पीर मदन यो रोशनाई दरस
ईबराहिम पाया मनसा नारी नवरस।

बडे साहब गेसूदराज खूब जीएँ, उनका कृपाछत्र अपने पुत्र पर सदा बना रहे। जबतक धरती, चंद्र और सूर्य जीवित हैं तबतक आप जीएँ।

आपका नसीब दिन-ब-दिन बुलंद रहे। उसकी ज्योति का सदा कल्याण हो। वे हमेशा जश्न मनाते रहे, गीत, तन्त, ताल, मंडल के राज्य के आप भोक्ता हैं। इस भूमंडल पर आप युग-युग राजसुख का उपभोग करते रहें।

घनरूपी सागर में दान मोती है और आप जगत के सब से अच्छे हंस हैं। यह रोशनाई जिसकी वजहसे वे सय्यद महम्मद गेसूदराज हैं, पीर उसकी मदद करें। इब्राहिम ने तो मन मुताबिक नारी और नवरस पाया है।

गीत २९

सोम बीच नूर उत्तम उचाया करतार
कलंक झूट जहां खाइ तां अंधकार

बैन

बहुर उस नुर सुरत संवारे या जमाल
हुरां पारिया छप्या को आगास को पाताळ

अभोग

इब्राहिम सब सुंदरी देख्या
यो लज्जत है कहा
जात चांद सुलतान नाऊं
बीबी मुलके जहां

विधाता ने चाँद में उत्तम प्रकाश रख दिया है। वहाँ कलंक होने की बात सच नहीं है। जहाँ खाई नहीं, वहाँ अंधकार कैसा ?

विधाता ने उस प्रकाश के सहारे सौंदर्य को सँवारा। उसे देखकर अप्सराएँ लजाकर आकाश और पाताल में जाकर छिप गईं।

इब्राहिम ने अनेक सुंदरियाँ देखी हैं, लेकिन जो गुण उसकी रानी में हैं वे किसी नारी में नहीं हैं। उसका पदनाम चांद सुलताना है और नाम बीबी मुलके जहान है!

गीत ३०

(दर मकाम हजेजर–भैरव)

आतशखानके बिरहे कैसी बरसी आग
आखरत सौ मंगल भयि कौन कनिष्ट केरे भाग

बैन

घाया आबको अगिन बैरी जल जान
तलाव बीच डरिया डेंग गरब आन
जग जगळ बुडबुडा केऊं कर
थारे ना बुझु सुबहान

अभोग

सूर सराईत सराउं सट सारे आतशखान
चितारी चित्तर छाडे भाट भुले बखान
सब देखु रहे इबराहिम बिच हैरान

आतिशखां हाथी के बिरह से कैसी आग बरस रही है। प्रलय का वडवानल भी उसकी अपेक्षा मंगलकारी प्रतीत होता है। यह आपत्ति किस कम्बख्त के भाग्य से आई है ?

पानी को आग का दुष्मन समझकर अतिशखां दौडा और डींग मारता हुआ तालाब में कूद पडा। हे भगवान, जग तो पानीका बुलबुला है, मेरी समझ में नहीं आता कि वह कैसा स्थिर होगा।

शूर, वीर, बुद्धिमान अपना नित्य का काम छोडकर आतशखां की प्रशंसा में मग्न हैं। चित्रकार ने चित्र बनाना छोड दिया और भाट अपना बखान भूल गए हैं, सभी लोग उसे देखकर आश्चर्यचकित हैं और इब्राहिम भी हैरत में है।

दोहरा ८

लोयन ने बीच पडछाई पीव की
मुरत अचरज चमत्कार
ईबराहिम महा सुंदर युसुफ
वितर मया कोप दीजे डार।

यह तो एक अचरज की बात है कि आँख के बीच में प्रियतम की मूर्ति की परछाई नजर आती है। जान पडता है मानो महासुंदर युसुफ को उनके भाइयों ने कुएँ में ढकेल दिया हो।

गीत ३१

प्यारे चांदा आंखु कथा दीन दोये दुख
मन चाहे सो निस वही हम तुम रहे अब सुख

बैन

बुझाऊं दिपक की त्रासो दिनकर आवेगा
घर घर छप रहे जासूस सब सुध पोछावेगा
पौः फाटी तो देख जा टाक धावेगा।

अभोग

ईबराहिम न सो जाग ऐसा पीऊ कंहा पावेगा
संध्या न कर सिंधार लोभ कंठ लावेगा
रात थोडी मदन बहुत बना उठ जावेगा।

ए प्यारे चंद्रमा, तुझसे एक बात कहता हूँ, दिन में हम दोनों दुःखी रहते हैं, अब मनपसंद रात आ गई है। अब तो हम तुम सुखी हो जाएँ।

मिलन की यामिनी है, दीपक बुझाओ, कौन जानता है कि कब दिनकर पहुँच जाएगा, घरघर में लगे दीपक उसके जासूस हैं, वे उसतक सब खबर पहुँचाएँगे, पौ फूटेगी तो सब कुछ छोड़कर वह भाग जाएगा।

इब्राहिम यह समय सोने का नहीं है। ऐसा प्रियतम फिर न मिलेगा ! नहाकर शृंगार कर । वह तुझे गले लगाएगा। रात थोडी है, प्रेम की ज्वाला भडक रही है। कहीं ऐसा न हो कि प्रियतम उठकर चला जाए।

गीत ३२

बना बनी बालक बाली
मानुं बीब पोहप कली येक डाली

बैन

बन बीच धाडी नवरस माती
भर भर दारू प्याला पिलाती
चाल चलती डगमगाती

अभोग

चुनडी कसी लटपटाती
अधर चुंम चुंम गरे लगाती
ईबराहिम देख उल्हास मुस्काती।

बालक-बालिका, नायक-नायिका ऐसे दीख रहे हैं मानो एक डालपर दो कलियाँ फूल रही हों।

बाला बनमें खडी है और नवरस के गीत गा रही है, प्याले भरभर शराब पिलाती है और मतवाली डगमगाती चाल चलती है।

चुनरी कसते कसते बाली लटपटाती है। प्रियतम के अधर चूम चूम कर उसे गले लगाती है और इब्राहिम को देखकर उल्लास की मुस्कान भरती है।

गीत ३३

(दर मकाम तोडी)

शरीर शीशा निरमल पुर रगत दाख शराब
मदन सदा मस्त मतवाला भोजन दिल कबाब

बैन

दीपक सो परान बादवान सवारेया तन
काजर करी झुठ धुंवा दिसे अंजन

अभोग

तेल शराब रगा बल्यां धरे टवला मन
इबराहिम सिलगावे सदा जनम सर पवन,

शरीर काँचका प्याला है जो खून के अंगूर की शराब से भरा हुआ है। मदन सदैव मस्ती में झूमता रहता है और दिल के कबाब खाता है।

प्राणों का दीपक जल रहा है और इस दीपक के फानूस को–कंदीलको–शरीर ने सँवारा है। इस दीपक के धुँएँ का काजल अंजन का आभास है।

मन के दीपक में मदिरा का तेल भरा हुआ है, रागों की बत्तियाँ हैं और इब्राहिम जिंदगी भर इस दीपक को सुर की पवन से सुलगाता रहता है।

गीत ३४

(दर मकाम आसावरी)

मोती खां सागर उपमापुर
तापर तंत कलोल लहुपुर

बैन

यो मुगता समुदर वो जलसारी
ये जल मीठा वो जलखारी
यो पुर झक दादुर योपुर गुनीजन
येक जल जीव येक विद्या मन

अभोग

भो विद्या अधिक करपा की परवरदिगार
कवि गुरु ईबराहिम तंबुरकार

राज-तंबूरा मोतीखान भरे हुए सागर जैसा है, उसके तारों की झनन हिलोरती लहरों का कल्लोल है। लेकिन यह तो मोतियों का समुद्र है और वह केवल जल से भरा हुआ है। यह जल मीठा है, वह जल खारा है।

वहाँ मेंढक और मछलियाँ रहती हैं, यहाँ गुणवान गाते हैं, उस जल में जीव रहते हैं। इसमें विद्या का मानस है।

परवरदीगार की कविगुरू इब्राहिम पर बडी कृपा है कि वह विद्या का चहेता और तंबूरकार बना।

गीत ३५

(दर मकाम बराडी)

सोगे तुंब भये जल थी

अंतरा

पलखा थाडे नयन भागरथी

अभोगी

जुलुफ तेरी गल अंकुस पुतरी
मेरे मन हत्ती
इबराहिम तानोड जडावो नेऊं
दीपे पाछे आवत छत्रपति

काजल की लकीरें मानो जल का तुंबा है। पल के साहिल हैं और नयन भागीरथी हैं, उसकी जुलफें फाँसे हैं और आँख की पुतली अंकुश है और मेरा मन हाथी है। तानुड, जडांबु ये अलंकार चमक रहे हैं जो इस बात की ओर इशारा करते हैं कि पीछे से छत्रपति आ रहे हैं।

गीत ३६

(दर मकाम कनडा)

बिरहिनी जपा कुसुम आरे रूख पाखे पतर न कर

अंतरा

पवन थी पावक अधिक भये मेरो कहयो
साच भमन शितल न होये कर ।

अभोग

छारया है खीर चंदन तन तापर अंगार
कहूं कहूं बुझ रहे कौयेले भानुं मधुकर
इबराहिम आखे ये कवित नवरस
नवरस गुन नगर.

बिरहिनी मानो जास्वंदी का फूल है। जास्वंदी के वृक्ष को अपनी पत्तियों के पखों से दुत्कारना उचित नहीं है।

मैं सच कहता हूँ, पवन के झकोरों से आग अधिक तप जाती है, शीतल नहीं होती।

बिरहिनी के तन पर जो चंदन का लेप है वह मानो अंगारे की राख है, जो बुझे हुए अंगारे कहीं-कहीं कोयले बन गए हैं। वे ऐसे लगते हैं जैसे शरीर पर भँवरे बैठे हैं।

इब्राहिम ने यह नवरस कवित्व शुभ-लक्षणी नगर नवरसपुर में रचा है।

गीत ३७

(दर मकाम भूपाली)

सकल जन विद्वांस और कवी
और उत्तम चातुर·झुन या कहा घराइ

अंतरा

येक·चंद बीब पेखत
ये.को छंद माई
बोट भांनु दर्पन भयी
मुरत और परछाई

अभोग

तेरी उपमां सुधांशु लक्षन चाहे अमृत दिखाई
भो चक्षु चकोर जपत अपनी आध सगाई
ईबराहिम मुर्छन भये यो रीझे सुंदर ताई
अधर अमृत चखा·बहुर जिलाई

सभी विद्वानों, कवियों चतुरजनों को मैं एक अनूठी बात बताऊँगा वह सुनो।

यह एक अनोखी बात है कि चाँद तो एक ही हैं, लेकिन उसे दो पंख है। दर्पन के सामने उंगली रखने के बाद जिस तरह मूर्ति और परछाई अलग अलग दीखती हैं उसी तरह यह बात है।

तुम्हें चंद्रमा की उपमा दी जाती है यह ठीक ही है, मेरी आँखें चकोर हैं जो अपना पुराना रिश्ता निभाना चाहती हैं। मैं तो तेरे किरणामृत का प्यासा हूँ। मैं होश खो बैठा हूँ। अधरामृत पान से मुझे मेरे प्राण लौटाओ।

गीत ३८

(दर मकाम कनडा)

दर्पक दग दार आवत पुतरी
प्रथम भेट भयी बीब पय : पुरगा सागर

अंतरा

उसास समेत जाये चाहत पंथ
छीक भयी धनी मेरो भाग उजागर

अभोग

सगुन अवसगुननीके परचित
जानत तुम सकल बुधको सागर
ईब्राहिम आखे आशीर्वाद चिरंजीव
परान दो नेछावर।

धीमे कदमों से प्रिया नयन के द्वार पर आई, उसकी प्रथम भेंट पानी के दो घडों से हुई। उनके सहित वह आगे जाना चाहती थी कि इतने में भाग्यवश छींक आई, प्रियतम से उस ने कहा, शकुन अपशकुन की बात तो आप जैसे बुद्धि के सागर भली भाँति जानते हैं। इब्राहिम चिरंजीवी को आशीर्वाद देता है और कहता है कि वह आगे बढे और प्राण निछावर कर दे।

दोहरा ९

दृग धुनी पांडु पय : पुर मलखां पाल
सोहे तापर तारका मानुं नलिन अंजन नाठ

नयन का श्वेतांबर मानो पानी से भरा हुआ तालाब है, पलकें उसका किनारा है, इस तालाब में आँख की पुतली कमल है और आँखका अंजन मानो डंठल है।

दोहरा १०

विद्या छांड जीवना यो अचरज
सुन मुर्ख मुयो परान
को खीजोना इंबराहिम संदेशा अपका
कहे समेत मोतीखां

मूर्खों को इस बात को समझ लेना चाहिए कि विद्या छोडकर जीवन एक अचंभा है, विद्या तो मेरे प्राण है, इससे किसीको चिढने की जरूरत नहीं, मोतीखां तंबूरे के जरिए इब्राहिम यह संदेश देता है।

दोहरा ११

कागद श्वेत निरमल नयन सुंदर
अक्षर खत कीर काजर
बीच सिका तारका पलखां
लखोटे लपेट तापर

प्रिया के सुंदर निर्मल श्वेत नयन कागज हैं, नयनों में लगा काजर अक्षर है और नयनों की पुतलियाँ मानो लपेटे हुए लिफाफे हैं।

दोहरा १२

बधून धुपारती इस मंदसारे तारे
मंदाकिनी दंडी गगन भिरे सदा पारे

सूर्य धूपारती की लौ है जिसमें सारे तारे जलनेवाले सुनहरे दाने हैं। मंदाकिनी—आकाशगंगा की डंडी हाथ में लेकर आकाश-पंखा झल रही है।

दोहरा १३

आकाश उपमा बुधिबल सांचे
सारा उडगण सारे
निसपती किया बुर्द दिनकर
बाजी हारे

आकाश बुद्धिबल का शतरंज का तख्ता है, सारे सितारे मुहरे हैं, चांद ने सूरज को मात दे दी है, और सूरज बाजी हार गया है।

गीत ३९

(दर मकाम रामकरी)

बधून बदन मोहन पुतरी मेरो बाबु
सोम आयो मीक्षा मंगन

अंतरा

चख कचकोल ले धांई याही थी
पावे पर सुंदर आरोगण

अभोग

झूटी पीरतको लक्षन याही है
फिरे धरिधरि घर घर गगन
इब्राहिम वो सुख धामद्वार पंथ सीस धर
मन येक ठोर जेऊं ध्रुव मंडल उडुढंगण

सूर्य जैसा कीर्तिमान जिसका मुखमंडल है, जिसकी आँखों की पुतलियाँ मन की लुभानेवाली हैं ऐसा मेरा प्रियतम चाँद भिक्षा माँगने के लिए आया है।

मैं अपनी आँखों का कटोरा लेकर उसकी तरफ दौडी, उसकी तो भेंट हो न पाई लेकिन मेरा कटोरा सितारों के आँसुओं से भर गया।

वंचित प्रेम का यही लक्षण है कि उसे घडी घडी घर घर आकाश में मारे-मारे फिरना पडता है।

तारक मंडल में जैसे ध्रुव का तारा स्थिर होता है वैसा ही इबराहिम का मन सुख-धामद्वार पंथ पर एकचित्त हो गया है।

दोहरा १४

नवरस सुर जुग जग जोति
आणो सर्व गुनी
यो सत सरस्वती मात इबराहिम
प्रसाद मयी दुनी।

माँ सरस्वती, आपकी दुगनी कृपा प्रसाद से इब्राहिम स्वर्ग और पृथ्वी के दोनों जगतों से नवरस के गीतों की ज्योति यहां लाया है।

गीत ४०

चतुर चितारी चितर चितारे
गगन कागत सोम मोहरा दीतारे

अंतरा

सुर कनकजल घोल संवारे
परिचित किये लेखनी लिख न्हारे
टुमके धरे झमके सारे सितारे

अभोग

धन्य योऊं ल्हार जीवो मुलके जहां रे
सुंदर समुदर सिंघार करतार कीतारे
इब्राहिम छिटिक सुंदर सर्व वनितारे.

चतुर चित्रकार चित्र चितार रहा है, आकाश उसका कागज है और चाँद कागज को झिल्ली लगा रहा है।

उस चित्रकार के लिए स्वयं सूर्य सोने का जल घोलकर रंग बनाता है, रंगों की परीक्षा कर चित्रकार रेखाएँ खींचता है। उसके रंगाए हुए टुमके ही झिलमिलाते सितारे हैं।

यह नारी धन्य है। मुलकी जहां खूब जीए। उसे करतार ने शृंगार का समुद्र बनाया है। इब्राहिम कहता है कि उसकी तुलना में अन्य सभी वनिताएँ नगण्य हैं।

गीत ४१

(दर मकाम हिजेज भैरव)

बहिरव कर्पुर गौरा माल तिलक चंदरा
त्रिनेत्रा जटामुगुट गंगाधरा

अंतरा

येक हस्त रुंड नरा त्रिशुल जुगल करा
बाहन बलिवर्ध श्वेत जात गुसाई ईश्वरा
कास कृत्ति कुंजरा पुवट चर्म व्याघरा

अभोग

सर्प सिंधार तिष्ठन पडछाई कल्पतरा
रमणीवादन मृदंग धाम कैलास तदुपरा
इब्राहिम उक्त लक्षन राग भैरव महाउत्तम सुंदरा

भैरव कापूर की तरह गोरा है, उसके माथे पर तिलक का चाँद है। उसके तीन आँखें हैं, उसके शीश पर जटाओं का मुकुट हैं जिस में से गंगा निकलती है।

उसके एक हाथ में नरमुंड है और दूसरे हाथ में त्रिशूल है, उसका वाहन बैल है, वह गौर वर्ण है, वह संसार का पालनकर्ता है, उसकी पीठ की खाल हाथी और व्याघ्र की है, और कौसे की कृत्तिका वह लिए हुए है।

सर्प से विभूषित वह कल्पवृक्ष की छाँव में विराजमान है। उस कैलासनिवासी के समक्ष सुंदर नारियाँ मृदुंग वादन कर रही हैं, इबराहिम कहता है, महाउत्तम और सुंदर भैरव राग के ये लक्षण हैं।

गीत ४२

(दर मकाम कनडा)

नवरस भेदको उत्पत्ति वचन आखुं
सर्वननी सुनी हित चित लाये
ताल घटक सम सुर मध्यम उपज
न्यारी न्यारी कर दिखाए

अभोग

ईबराहिम गाये बजाये रिझाये
लक्ष्मी त्याग पाये
हम सेवक सिवके बलबल मयाके
दिन दिन अधिक अधिकाये

नवरस के उत्पत्ति का रहस्य मैं समझता हूँ। सभी का मंगल इसमें है कि वे इसे ध्यान देकर श्रवण करें।

मैंने विविध प्रकार के अनोखे गीतों को रचा है, इन गीतों में चटकीले तालकी सम और मध्यम सुर मैंने जगह-जगह भर दिए हैं।

इब्राहिम गाता-बजाता झूम रहा है, धन दौलत के बारे में वह विरागी बन गया है। हम शिव के सेवक हैं और माता की बेदी पर बलि चढ जाते हैं, उन्हींके आशीर्वाद से दिन प्रतिदिन सफल हो रहे हैं।

गीत ४३

(दर मकाम कनडा)

कर्नाटी गौरी मानुं केतकी
बीच श्वेतपतर

अंतर

साडी नीली कंजुकी पीली
कुमुद कर कमल नेतर

आभोग

कोईल कूके कीडा करत बसंती
खुले कल्पतर
ईबराहिम मनाये बिरहे
घेरी अब आये लाल कछुं न डर

कर्नाटी एक गौर वर्ण की सुंदरी है, केतकी के गूचों में मानों वह एक श्वेत पत्ता है। उसकी साडी नीली है, कंचुकी पीली है, उसके हाथ कुमुद के और नेत्र कमलों के हैं।

कोयल कूक रही है, वसंत ऋतु में कल्पवृक्ष की अल्हड जटाएँ खेल रही हैं।

इस वातावरण में इब्राहिम बिरहिनी को समझा रहे हैं कि अब प्रियतम घर आ गए हैं, अब तुझे किसी बात का डर नहीं हैं।

गीत ४४

(दर मक़ाम केदार)

केदारी बाली बिरहिनी अतिसुंदर
कपोल करधर

अंतरा

कृशांगी कुटिल केश पांडू गाल
जमर श्वेत वस्तर

अभोग

चंदन रसपुर सिंचमानानिष्ठा
कुमुद पत्र गौरी हिमकर
ईबराहिम उक्त लिखती नखसमेत
चित्र महीतादुपर

केदारी एक अतिसुंदर विरहिनी बालिका है, अपना कपोल अपने हाथ में लिए बैठी है।

इस कृषांगी के बाल घुंघराले हैं, कपोल गोरे हैं, वह श्वेत वस्त्र पहनी हुई है।

उसने अपना शरीर चंदन के रस से सींचा है। वह कमल के पत्र की तरह नाजुक है और हिमगौरी है, इब्राहिम कहते हैं, वह अपने नाखूनों से धरती पर चित्र खिंच रही है।

दोहरा २५

कल्याणी रमणी पीवर कुचातनुदरी
मृग नयनी बाहातन्वी
शाम केश बदन हिमकर
कांता कंवसंती बाली लज्जा डर
पुशापुशंती रोमावली
नीली कंजुकी चित्र वस्तर

कल्याणी एक सुंदर कामिनी है, जिसके कुच भारी हैं, बाहु और शरीर कोमल है, बाल काले हैं और मुख कांतिमान है, हिरन जैसे उसके नयन हैं, वह कमनीय कांता है, वसंत रागकी बहू है। उस लाजवंती के मुख पर कुछ घबराहट भी है। उसकी रोमावली मनमोहक है। नीली कंचुकी और विविध रंगके वस्त्र उसने पहन रखे हैं।

गीत ४५

(दर मकाम आसावरी)

आसावरी स्त्री गौरी चंपक सार
रगत पितांबर कंजुकी नीली सर्वे सिंधार

अंतरा

जींती जींती हंसी बोल पिये पै
चौपड फासे डार
ऐंचत वस्तर नर कर धर नार

अभोग

चंचल चपल चक्षुप्रियतमकुं अनेक प्यार
यो लक्षन आँखें इबराहिम कविताकार

आसावरी गौरांगी नारी है, चम्पक के समान उसका रंग है, उसने लाल रंग का पीतांबर, नीली कंचुकी पहनी है। सर्व प्रकार के शृंगार उसने धारण किए हैं।

हँसते हँसते, बोलते बोलते, प्रियतम चौपड के फासे डालते जाता है। नारी को अपने हाथ में पकडकर उसके वस्त्रसे वह खींचातानी कर रहा है।

आसावरी राग की नायिका चंचला है, अपने प्रीतम से वह अनेक तरह से प्यार करती है, इब्राहिम कवित्तकार ये आसावरी के लक्षण बता रहा है।

गीत ४६

(दर मकाम रामकरी)

रामकरी बना आयो सेज संग्राम
चित्त चाहयो चोप चली चंचल चपला

अंतरा

सखिया समेत सुंदरी हसत खेलत
छाडि प्रियतम अनुकंप हिचकिला

अभोग

मागुता भूषण भूषिता श्वेत रक्तांबर
चटक छबेला
इब्राहिम रामकरी रागिणी कस्तुरी
श्याम सुकेश कैसी धमिला

रामकरी का प्रियतम सेज की ओर आया है, सेज-संग्राम की भावना उसके मन में जाग चुकी है, लेकिन यह चंचला चपला उसका चित्त भडकाकर भाग जाती है।

प्रियतम को छोडकर वह अपनी सखियों के संग हँसने खेलने लगी है, यह तो बडी अनोखी कला है।

मोतियों के विभूषणों से उसने सिंगार किया है, चटकीला रक्तांबर, छविले वस्त्र उसने पहने हैं। इब्राहिम कहता है, रामकरी रागिनी के केश कस्तुरी जैसे शामल हैं और इन केशों का उसने जूडा कसा है।

गीत ४७

(दर मकाम केदार)

येक कर दंडी वादन दुजे पाणी पुस्तक
पेखत नवरस गावत उत्पत्ति

अंतरा

केसर वस्त्र दसन श्याम नख
ललाई मेहदी गुनी प्रीती

अभोग

कंठ ढाल फटिक जपमाल नगर
बिद्यापुरी वाहन हत्ती
ईब्राहिमको गोतापिता देवगुरू
गणेशपती माता चित्र सरस्वती

एक हाथ में बजाने के लिए वाद्य है, दूसरे में पुस्तक है, उसकी ओर देखते हुए मैं नवरस के गीत गा रहा हूँ।

केसरी बाना मैंने परिधान किया है, शामल रंग के मेरे दाँत हैं, नाखून मेहंदी से रंगे हुए हैं और गुणां से मुझे प्यार है।

गले में बिलोरी जपमाला पडी है, विद्यापुरी का रहनेवाला हूँ। हाथीपर चलता हूँ इब्राहिम के गणगोतों में गणपति गुरू है और पवित्र सरस्वती माता है।

गीत ४८

(दर मकाम कनडा)

व्रिद्या पंथ सुझत नंहि या कारन
सरस्वती गनेस रविससि
भये परकाशा.

अंतरा

वाक विनायक जुगल तुंबड वीणा
भयो रे धरन सुख करन भोग विलास

अभोग

सारदा गणेश मातापिता तुंम मानुं
निर्मल बीन फटिक शीशे तास
इब्राहिम गुपित घैसो नवाज
परगट कीना धन्य मेरो रास.

विद्या का मार्ग आसानी से सूझता नहीं इसीलिए सरस्वती और गणेश चंद्र और सूर्य की तरह प्रकट हुए।

वाग्देवी और विनायक की स्थिति जुगल बीणा के दो तुम्बो जैसी है, दुख हरने के लिए, सुख करने के लिए भोग मंगल के लिए वे प्रकट हुए हैं।

शारदा और गणेश आप तराशे हुए स्फटिकों के मणि हैं, इबराहिम एक कोने में गिरा हुआ अज्ञात व्यक्ति था उसे आपने प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त करवा दी, आप धन्य हैं।

गीत ४९

(दर मकाम कनडा)

ब्रिलंद महल सप्तखन सप्तदिनकी सुरत
सोपान कीनी घडियालकी उधमकर

अंतरा

सप्त उडगण सप्तखनके दीपक नेहचे
कर और सर्व नक्षवर
भये आरती नैछावर

अभोग

सप्त खन सप्त सुर बानी बनाये अमर
और काव्य मांझ मानुं पारस कीनो दिनकर
इब्राहिम मुलकेजहां रागरागिणी सुरत
नवरसधुनी सुनी मुर्धन भयी अपछरा इंदर

सात मंजिलोंवाला बुलंद महल साक्षात सात दिनों की सीढी है, गोया समय जानने के लिए बडी धूमधाम से यह घडियाल की सीढी बनाई गई है।

इस महल के सातों खन गोया सात स्वर हैं, जिन्होंने वाणी को अमर बना दिया है और कवित्व को पारस और सूर्य की महत्ता प्राप्त हुई है।

इब्राहिम और उनकी सुलताना मुलके जहाँ रागरागिनी हैं। नवरस की धुन सुनकर इंद्रसभा की अप्सराएँ होश खो बैठीं।

गीत ५०

(दर मकाम मारू)

मोतीखान बाजाको भोदको वाकी
बताऊ उत्पत्ती लक्षन

अंतरा

काष्ट कल्पवृक्ष तजप गला जड बाला
तांबुल पत्र फळ रसाळ चंपक सुमन

अभोग

कस्तुरी कर्पुर मुम केसरी पाल
मकरंद उदमाकी मदन
ईबराहिम मुलके जहां भानु तंत
जीळ सुर दोऊ को येक मंदिर मन.

मोतीखां तंबूरेकी उत्पत्ति का सही रहस्य और उसके गुण मैं बताता हूँ।

जिस काठ से यह तंबूरा बना है वह ऐसे कल्पवृक्ष का है जिसका तना और जडें सुगंधी हैं, पत्ते तमूल के हैं, फल रसीले और फूल चंपक के हैं।

इस वृक्ष की भूमि कस्तुरी और कपूर की है, पत्तियाँ केशर की हैं, मकरंद के जल से यह वृक्ष सींचा जाता है, मदन यहाँ का माली है, इब्राहिम और मुलकी जहान ये दोनों तंबूरे के घेर और जील ये दो स्वरों जैसे हैं, भिन्न होते हुए भी मंदिर के देवी-देवता के समान वे एक हैं।

गीत ५१

(दर मकाम कनडा)

प्रथम सुस्नान कर उदगंग
नखशिखते भीजा अष्टांग

अंतरा

सुथरे वस्तर पहिर और चोखी ठाव
पाछे जपकर फटिक मालसंग

अभोग

लियो सुभनाव श्री सरस्वतीको
तब पायो जस नवरससरस रसरंग
ईबराहिम करण गहत दंडवत करत
तब होत रोम रोमहयो उभंग

पहले गगाजल में नहा कर नखशिखांत आठों अंग पवित्र किए, साफ सुथरे वस्त्र पहन लिए, फिर बिलोरी जपमाला लेकर श्री सरस्वती का शुभनाम जपना शुरू किया, तब नवरस जैसे रसरंग की सिद्धि को प्राप्त किया, इब्राहिम हाथ जोडकर प्रणाम करता है तब उसके रोम-रोम में उत्साह की लहर फैल गई।

गीत ५२

(दर मकाम कनडा)

श्री सरस्वती सृष्टि नवरस गाय
हा हा हू हू और त्रिलोक जाय

पाषाण सगरे पगलये बनचर चोप
धुनि सुनि रीझ आयधाय

अभोग

इब्राहिम गाय बजाय प्रचंड
जगद्गुरू नादमूर्ति खिताब पाय
दया कहवों कहा करू कूड मन
सुवा को कारी आंखन.

श्री सरस्वती के भक्त रातभर नवरस के गीत गाकर तीनों जगत कों नादमय कर डालते हैं।

इन गीतों की ध्वनि सुनकर पत्थर भी पिघल जाते हैं और बन के पक्षी भी आनंद से विभोर हो जाते हैं।

इबूराहिम गाते हैं, भव्य वाद्य बजाते हैं और नादमूर्ति का पद पाते हैं। मैं क्या करूँ ! ओछे मन के लोग मेरी सफलता आँखों से देख नहीं पाते।

गीत ५३

(दर मकाम कनडा)

उद्योत सकल कलासपूर्ण जोन
त्रिपुर चांद सुलतान

अंतरा

चिरंजीवो के नित्य आनद सदा शरफ
सौर मानु नवरस महाकल्याण

अभोग

गगन को कलंकी बरबरही हम
नाम भयो याकारण खोयो मान
इबराहिम अचरिज बीसतीस चाँद कहत
जन मूर जनायो झूटकी निशान

सर्व कलाओं में निपुण त्रिलोक को जगानेवाली चांद सुलताना का उदय हुआ है। मेरी रानी चिरंजीव हो। सूर्य का तेज प्रतिपल बढता है वैसे ही वह सदा प्रसन्न रहे और

महल में सुख पाए।

महल को गगनमहल नाम देकर हमने गगन की महत्ता कम कर दी। इब्राहिम को हैरत है कि क्यों लोगों ने ऐसे वैसे ही रात के चंद्रमा को चाँद कहकर भ्रमयुक्त संकेत पैदा किए हैं, कवि का संकेत है कि असली चाँद तो उसकी रानी मलका जहाँन चांद सुलताना है।

यह पंक्ति नागरी छाया में भूले बिसरे सब से अंत में दी गई है। वह यहीं स्थानोचित है।

गीत ५४

(दर मकाम कनडा)

गणपती तुम रूपकी तनिक ज्योत
भानु सुर जगमगे रित असंत

अंतरा

सुदिष्ट सादिष्ट मयी विनायक मनोहर
सन्मुख देख कठिन सावक नयन पंथ

अभोग

चिंता छाई चंदर मुख कलंक
अस्तुती तेरी सुनी कंथ
ईबराहिम आखे नवरस गणेश
पद गावत चोप सेवक कलावंत

गणपति, तुम्हारे रूप की किंचित ज्योत भी मानो ऐसे लगती है जैसे वसंत ऋतु का सूर्य जगमगाता है।

आपकी दृष्टि शुभ और मंगल है, आप विनायक कहलाते हैं और रास्ता चलती हिरनी भी आपकी आँखों से आँख मिला नहीं सकती इतने आप मनमोहक हैं।

कलंकित चंद्रमा के मुख पर चिंता छाई हुई है, आपकी प्रशंसा से वह चिंताग्रस्त है, इब्राहिम गणपति की प्रशंसा में नवरस की रचना करते हैं और उसके दरबारी कलाकार उन्हें बडे उत्साह से गाते हैं।

गीत ५५

(दर मकाम मलार)

गणपती रूप हस्तमेघ मद बरखत पानी

अंतरा

दंत दामिनी घंट घोरे घोरे गौर मंडान
भाल बिधुबानी

अभोग

सरस्वती पवित्र स्वांत घनजल
कैसे निय जानी
इबराहिम नवरस मगुता निकसत
या कारनने हवे मानी

गणपति का रूप हस्त नक्षत्र जैसा होने के कारण वह पानी जैसा मद बरसता है, गणपति के दान बिजली हैं, घंटानाद बादल की गरज है, माल इंद्रधनुष्य है और वाणी अमृत है।

पवित्र सरस्वति स्वाति नक्षत्र के मेघ का जल है यह कैसे लोगों को ज्ञात नहीं है! इब्राहिम यह समझ लो कि सरस्वती की कृपा से ही नवरस गीतों के मोती निखरे हैं।

गीत ५६

(दर मकाम कनडा)

सरस्वती गौरी जैसी गजदंत पुतरी
कोकस सुतारी संवारी बाना

अंतरा

या कारण गनपती दीनोमान मातंगमुख
स्वरूप कीनो अपना

अभोग

फुने ऐसे लागत दुर्गा गौरी सुवास
सेत सेवती सुमना
इबराहिम माला पेनत सीस निवामानु
दंडवत करत जपना

गौरी सरस्वती हस्तिदंत की पुतरी है जिसे कोकस नाम के सुविख्यात बढई ने तराशा है। इसी कारण गणपति ने हाथी का सन्मान करने के लिए हाथी का मुख अपनाया है। फिर हमें ऐसे लगता है कि दुर्गा और गौरी का रंग सेवंती के श्वेत फूल के समान है, इब्राहिम माला पहनता है, शीश झुकाकर प्रणाम कर, जप करता है।

गीत ५७

(दर मकाम मलार)

सोभा देत है री मेघ घाम जैसे राग
आसावरी समेत मरि आनंदकर

अंतरा

फुने ऐसे लागत दुरगा दर्शन देखत
मानु सुर पसिजत लजा संकोचनीं
कंपत थर थर

अभोग

बहुर कंचन थाल मोतिया भर
इंदर पठायो नैछावर
वारि डारौ पानीपर
इबराहिम आंखे यो समयो
रस बरन बिराजत रजत
छीट केसरी बस्तर

प्रिये देखो, मेघ मास की धूप की तरह मेघराज शोभा दे रहा है, आसावरी जैसा ही यह आनंद देता है।

दुर्गा के रूप को देखकर ऐसा लगता है मानो सूरज लज्जा से पसीना पसीना हो रहा है और संकोच से थरथर काँप रहा है

फिर से एकबार इंद्र ने सोने की थाली में मोती भर कर निछावर करने के लिए पानी पर वार डाले. इब्राहिम कहते हैं यह समय बहुत रसीला है और प्रिया ने चमकीले केसरी रंग के वस्त्र परिधान कर वातावरण अधिक मोहक बना दिया है।

दोहरा १६

प्रथम सुप्रभातकी सुतरी ब्यार मानुं
रोही आरोही सास नवरसको
बारी बारी पोह पहसत अडगण
परपेभदबे तुंम आछीछ बेभो

सवेरे सवेरे जो हवा की पहली लहर चलती है वही नवरस की आरोही-अवरोही श्वास है। धीरे-धीरे पौ फूटती जाती है और तारे लुप्त हो जाते हैं।

दोहरा १७

गणपती रीझ दीनो शुभ सकल देवता
कहे टेर आमीना
सरस्वती परसन भयी ईब्राहिम
कंठ बस अधिक अधिकायो दिना

गणपति और सभी शुभ देवताएँ इब्राहिम पर प्रसन्न हो गए हैं, सरस्वती भी उसपर प्रसन्न है और उसका कंठ अधिकाधिक मधुर हो रहा है।

महत्त्वपूर्ण संदर्भ साहित्य

(नवरस की हस्तलिखित प्रतियां के अलावा)

१. अहमद, नजीर : **किताबे नौरस** (उर्दू), लखनौ १९५५

२. अहमद, नजीर : **जुहुरी, लाइफ अँड वर्क्स**, लखनौ १९५३

३. इथापे, उषा : **नौरस और इब्राहिमनामा** पी.एच. डी. प्रबंध, अप्रकाशित, पुणे विद्यापीठ.

४. इलियट अँड डौसन : **हिस्टरी ऑफ इंडिया अॅज टोल्ड बाय इट्स हिस्टोरियन्स**, व्हॉ. ६., अलाहाबाद, १९६४

५. ईटन, रिचर्ड मॅक्सवेल : **सूफीज ऑफ बिजापूर**, प्रिन्सटन, १९७८

६. एब्रेलिंग, क्लास : **रागमाला पेंटिंग**, ब्रसेल, १९७३

७. चौहान, देवीसिंग : **इब्राहिमनामा** बंबई, १९७३

८. चौहान, देवीसिंग : **मराठी आणि दक्खिनी हिंदी**, पुणे १९७१


९. जुबेरी, **ईबराहिम बसातीन उस सलातीन**, मराठी अनुवाद, बंबई १९६८

१०. बृहस्पती, आचार्य : **मुसलमान और भारतीय संगीत**, दिल्ली, १९७४

११. वालदसमिद, अर्सेट अँड रोज : **मिनिएचर्स ऑफ म्युझिकल इंस्पिरेशन**, बॉंबे, १९६७

१२. हाशमी, नसीरुद्दीन : **दकनमें उर्दू**, लखनौ, १९५३

१३. सक्सेना, बाबुराम : **दक्खिनी हिंदी**, इलाहाबाद, १९५२


उत्तमतेच्या पायावर
साफल्याचा उभा महाल
सारडा घराण्याचे नाव आज विडी उद्योगाच्या शिखरावर
विराजमान झाले आहे. भारतातल्या विडीच्या
चाहत्यांचे अपरंपार प्रेम आणि निर्यातीच्या
क्षेत्रातली ख्याती यामुळेच आम्ही
आज विडी उद्योग क्षेत्रात सर्वश्रेष्ठ ठरलो आहोत.
साफल्य आणि कीर्तीच्या या महालाचा पाया आहे
उत्तमता आणि काटेकोर क्वॉलिटी कंट्रोल; आणि एक
आगळी खुमासदार लज्जत जी तुमच्या
समाधानाच्या क्षणाची सोबत ठरली आहे.
सारडा घराणे– उत्तम विड्यांची दिमाखदार परंपरा
MAHESH
25 BIDIS
बस्तीराम
नारायणदास
सारडा

धुळे नगरपालिकेतर्फे सदिच्छा

धुळे शहरवासीयांना हार्दिक शुभेच्छा !

१. नवा वीस कलमी कार्यक्रम यशस्वी रीत्या राबविण्यासाठी सक्रिय सहकार्य करा.

२. आपले शहर स्वच्छ व सुंदर बनविण्यासाठी सहकार्य करा.

३. नगरपालिकेची मालमत्ता आपलीच मालमत्ता आहे. तिचे संरक्षण करा.

४. शहराचे सौंदर्य टिकविण्यासाठी व रहदारी सुलभ होण्यासाठी रस्त्यालगत अगर खुल्या जागेवर अतिक्रमण करू नका.

५. वृक्षारोपण मोहीम यशस्वी करा. झाडांची निगा राखा व जोपासना करा व त्यांची बेकायदेशीर तोड थांबवा.

६. कुटुंब कल्याण मोहीम यशस्वी करा.

७. शहर विकासाची लोकोपयोगी कामे त्वरित व्हावीत म्हणून विविध कर वेळेवर भरा.

८. आपल्या वाहनाचा जनतेला उपद्रव होणार नाही असा वापर करा.

९. अल्पबचत मोहिमेत सक्रिय भाग घेऊन ती यशस्वी करा.

१०. पाण्याचा प्रत्येक थेंब वाचवा व त्याचा अपव्यय टाळा.

नी. द. वैद्य
मुख्याधिकारी
धुळे नगरपालिका, धुळे

वसंतराव सुदाम पिंगळे
अध्यक्ष
धुळे नगरपालिका, धुळे